उज्जैन
गुरुवार
25
जून, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-232
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

पेज 3 इंदौर से लापता पेट्रोकेमिकल मैनेजर का शव मंडलेश्वर में मिला

पेज 7 27 करोड़ के पंत 15 करोड़ में दिल्ली कैपिटल्स लौटे

## वेनेजुएला में 7.2 और 7.5 तीव्रता के दो भूकंप

# 10 हजार मौतों की आशंका

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ कराकस**

वेनेजुएला में बुधवार शाम, यानी भारतीय समयानुसार गुरुवार सुबह दो शक्तिशाली भूकंप आए। अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक, इसमें 10,000 से ज्यादा लोगों की मौत की 44% और 1,00,000 से ज्यादा मौत की 30% आशंका है।

पहले 7.2 और फिर कुछ ही सेकेंड बाद 7.5 तीव्रता का भूकंप आया। दोनों भूकंप राजधानी कराकस से करीब 290 किलोमीटर पश्चिम में आए।

कराकस समेत कई शहरों में इमारतें क्षतिग्रस्त हुई हैं। कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज ने राष्ट्रीय आपातकाल घोषित कर दिया। हालांकि अभी तक सरकार ने मौत के आधिकारिक आंकड़े जारी नहीं किए हैं।

स्थानीय मीडिया के अनुसार कराकस एयरपोर्ट की छत का कुछ हिस्सा गिर गया। इससे धूल का बड़ा गुबार उठता दिखाई दिया। यह पिछले 126 साल का सबसे बड़ा भूकंप है, इससे पहले 1900 में 7.7 का तीव्रता का भूकंप आया था।

## कई इमारतें गिरीं, 126 साल में सबसे बड़ा भूकंप

### भूकंप के बाद 18 लोगों को बचाया गया

कराकस की नगर पालिका चाकाओ के मेयर गुस्तावो ड्यूके ने बताया कि अब तक 18 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला जा चुका है। उनके मुताबिक, 500 से ज्यादा बचावकर्मी मलबे में फंसे लोगों की तलाश में लगातार अभियान चला रहे हैं।

### मलबे से लोगों को निकालने का अभियान जारी

राजधानी कराकस में राहत और बचाव अभियान लगातार जारी है। बचाव दल ढही हुई इमारतों के मलबे में फंसे लोगों को निकालने में जुटे हैं। वीडियो में कराकस में एक ढही हुई इमारत के मलबे से एक व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकालते हुए देखा गया।

### 7.5 तीव्रता का भूकंप इतना खतरनाक क्यों होता है?

अगर एक आदमी 10 किलो का हथौड़ा जमीन पर मारे और दूसरा 300 किलो का, तो दोनों से कंपन होगा, लेकिन दूसरे का असर कहीं ज्यादा होगा। भूकंप में भी यही होता है। 7.5 तीव्रता वाला भूकंप, 6.5 की तुलना में करीब 32 गुना ज्यादा ताकत से धरती को हिलाता है। इसलिए इमारतें, सड़कें और पुल ज्यादा नुकसान झेलते हैं।

यही वजह है कि 7.0 से ऊपर के भूकंप को बेहद खतरनाक माना जाता है। यूएसजीएस के मुताबिक, दुनिया में ऐसे भूकंप हर साल औसतन 10 से 20 बार आते हैं, लेकिन अगर इनका केंद्र किसी बड़े शहर के पास हो, तो भारी तबाही मचा सकते हैं।

बड़ी इमारतें ज्यादा हिलती हैं, इसलिए उन्हें ज्यादा नुकसान होता है। वहीं भूकंप रुकने के बाद भी छोटे-छोटे झटके आते रहते हैं, जिन्हें आफ्टरशॉक कहा जाता है। ये पहले से कमजोर हो चुकी इमारतों को भी गिरा सकते हैं। इसलिए बड़े भूकंप के बाद लोगों को तुरंत घरों में लौटने से मना किया जाता है।

# कार में मिले युवक-युवती के खून से सने शव

## युवक के सिर में गोली के निशान, युवती के शरीर पर चोट, अंदर पिस्टल पड़ी थी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ अशोकनगर**

अशोक नगर के ईसागढ़ रोड स्थित महाना गांव के पास एक कार के अंदर युवक और युवती के शव मिले हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। कार के अंदर एक पिस्टल भी मिली है।

मृतकों की पहचान अशोक नगर निवासी रितिक सोनी (26) और मुस्कान जैन (24) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दोनों बुधवार शाम घर से निकले थे, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे। परिजन ने दोनों की तलाश की, जब नहीं मिले तो कोतवाली थाने में सूचना दी। शिकायत मिलने पर पुलिस ने दोनों के मोबाइल फोन की लोकेशन ट्रेस की। लोकेशन ईसागढ़ रोड पर मिलने के बाद पुलिस रात करीब 3 बजे मौके पर पहुंची। वहां सड़क किनारे खड़ी कार में दोनों के शव आगे की सीट पर पड़े मिले। शव खून से लथपथ थे।

### हत्या, आत्महत्या सहित कई एंगल से जांच

प्रारंभिक जांच में युवक के सिर में गोली लगने का निशान मिला है, जबकि युवती के शरीर पर भी गंभीर चोट हैं। कार के अंदर से पिस्टल मिलने के बाद पुलिस हत्या, आत्महत्या और अन्य संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया है। देहात थाना प्रभारी भुवनेश शर्मा ने बताया कि मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है।

# नीरव मोदी को बैंक को 108 करोड़ चुकाने होंगे

## पर्सनल लोन गारंटी मामले में लंदन हाईकोर्ट का फैसला, 7 साल से जेल में बंद है


**ब्रह्मास्त्र ▸▸ लंदन**

भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी को बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) को 1.15 करोड़ डॉलर यानी करीब 108 करोड़ रुपए चुकाने होंगे। लंदन के हाई कोर्ट ने दुबई की एक कंपनी 'फायरस्टार डायमंड एफजेडई' के लिए दी गई पर्सनल लोन गारंटी और उस पर लगे ब्याज से जुड़े मामले में ये फैसला सुनाया है। नीरव बीते 7 सालों से लंदन की जेल में बंद है और भारत प्रत्यर्पण के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ रहा है।

**दुबई की कंपनी के लिए ली थी पर्सनल गारंटी-** यह पूरा मामला नीरव मोदी से जुड़ी दुबई की कंपनी फायरस्टार डायमंड एफजेडई को मिले लोन का है। नीरव मोदी ने बैंक ऑफ इंडिया के इस लोन के लिए पर्सनल गारंटी दी थी। बाद में उसने इस गारंटी को कानूनी रूप से अमान्य ठहराने की कोशिश की।

### भारतीय कानून के तहत गारंटी अमान्य नहीं मूल रकम के साथ देना होगा ब्याज

हालांकि, लंदन सर्किट कमर्शियल कोर्ट के जस्टिस साइमन टिंकलर ने बैंक ऑफ इंडिया के पक्ष में फैसला सुनाते हुए कहा कि अक्टूबर 2025 में नीरव मोदी को भेजा गया डिमांड नोटिस पूरी तरह सही था। जस्टिस टिंकलर ने अपने फैसले में स्पष्ट किया कि भारतीय कानून के तहत नीरव मोदी की पर्सनल गारंटी शून्य या अप्रभावी नहीं है। इसलिए वह बैंक को 41,05,189 डॉलर (करीब 34.3 करोड़ रुपए) की मूल राशि चुकाने के लिए जिम्मेदार है। इसके साथ ही मार्च 2026 तक इस राशि पर जमा हुआ ब्याज मिलाकर कुल रकम 1.15 करोड़ डॉलर (करीब 108 करोड़ रुपए) हो चुकी है, जो आगे भी बढ़ती रहेगी। बैंक ऑफ इंडिया के केस लड़ने वाली लॉ फर्म 'फ्लैडगेट एलएलपी' के मिलन कपाड़िया ने साफ किया कि यह मामला बैंक की कमर्शियल बैंकिंग रिकवरी का है। इसका पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के 2 बिलियन डॉलर (करीब 19,000 करोड़ रुपए) के बड़े धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग मामले से कोई संबंध नहीं है। बैंक ऑफ इंडिया 2018 से ही इस वसूली के लिए कानूनी लड़ाई लड़ रहा था।



## रिपोर्ट- इजराइल ने जानबूझकर फिलिस्तीनी बच्चों को मारा

# 20 हजार से ज्यादा बच्चों की मौत

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ न्यूयॉर्क**

संयुक्त राष्ट्र के जांच आयोग ने इजराइल पर गाजा और वेस्ट बैंक में फिलिस्तीनी बच्चों को जानबूझकर निशाना बनाने का आरोप लगाया है।

आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक अक्टूबर 2023 से अब तक 20 हजार से ज्यादा बच्चों की मौत हुई है। 44 हजार से अधिक घायल हुए हैं। इस दौरान कुल मौतों में लगभग 30% बच्चे शामिल रहे।

आयोग के अध्यक्ष और भारत के पूर्व हाईकोर्ट मुख्य न्यायाधीश एस. मुरलीधर ने रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि जांच में बच्चों को निशाना बनाकर किए गए हमलों के पुख्ता सबूत मिले हैं। इजराइली सेना मानवता के खिलाफ अपराध और युद्ध अपराधों के लिए जिम्मेदार हैं।

रिपोर्ट के अनुसार बच्चों की मौतें हवाई हमलों, ड्रोन हमलों और स्नाइपर फायरिंग में हुईं। कई मामलों में उनके सिर और शरीर के ऊपरी हिस्से को निशाना बनाया गया।

**टारगेटेड किलिंग्स के पुख्ता सबूत मिले**

### सीजफायर के बाद भी बच्चों की मौत जारी रही

अक्टूबर 2025 में इजराइल और हमास के बीच सीजफायर लागू होने के बाद भी फिलिस्तीनी बच्चों की मौत और घायल होने की घटनाएं जारी रहीं। हालांकि आयोग ने यह नहीं बताया कि युद्धविराम के बाद कितने बच्चे मारे गए। यूएनआईसीईएफ ने पिछले हफ्ते दावा किया था कि सीजफायर लागू होने के बाद भी औसतन हर दिन एक फिलिस्तीनी बच्चे की जान गई। यूएनआईसीईएफ के प्रवक्ता जेम्स एल्डर के मुताबिक बच्चे अपने घरों, स्कूलों, खेल के मैदानों और यहां तक कि समुद्र किनारे भी मारे गए। आयोग ने अपनी रिपोर्ट में 18 साल से कम उम्र के सभी लोगों को बच्चा माना है। रिपोर्ट के मुताबिक इन बच्चों को आतंकवादी या भविष्य का आतंकवादी मानकर निशाना बनाया गया। आयोग के मुताबिक अक्टूबर 2023 से अक्टूबर 2025 के बीच करीब 58 हजार बच्चों ने अपने एक या दोनों माता-पिता को खो दिया।

# राजस्थान में तेज बारिश पानी भरने से गाड़ियां फंसीं

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ जयपुर**

देश के 6 राज्यों उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली में प्री-मानसून बारिश जारी है। यूपी के आगरा में बुधवार को आंधी से सड़क किनारे खड़ी कारों पर पोल गिर गया। दो कारों का पिछला हिस्सा दब गया।

राजस्थान के सीकर और चूरू के कई इलाकों में तेज बारिश से सड़कों पर पानी भर गया, जिससे बाइक-कारें फंस गईं। दिल्ली में तेज आंधी के साथ बारिश हुई, जबकि हिमाचल प्रदेश के किन्नौर में बादल फटने से काचरंग नाला में बाढ़ आ गई।

मुंबई में अंधेरी सब-वे में पानी भरने के बाद इसे अस्थाई तौर पर बंद किया गया था। विक्रोली वेस्ट में रिहायशी इमारत के पास बनी दीवार गिर गई। कई इलाकों में पेड़ उखड़े, जिसकी चपेट में आने से वाहनों को नुकसान पहुंचा। अरुणाचल प्रदेश में एक हफ्ते से हो रही भारी बारिश के बीच बुधवार को कीयी पन्योर जिले की नीपको प्रोजेक्ट कॉलोनी में बाढ़ आ गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, 4 लोग लापता हैं और 18 से अधिक घर क्षतिग्रस्त हुए हैं। मध्य प्रदेश और गुजरात में बुधवार को मानसून ने 9 दिन की देरी से एंट्री की। इसके साथ ही मानसून अब देश के 22 राज्यों में पहुंच चुका है। 5 जुलाई तक बाकी राज्यों को भी कवर कर सकता है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन के सदस्य डॉ. पंकज कुमार के मुताबिक, सुपर अल नीनो में प्रशांत महासागर का पानी सामान्य से काफी ज्यादा गर्म हो जाता है। इससे मानसून की गति, दिशा और निरंतरता प्रभावित हो सकती है। नतीजा यह होता है कि बारिश का पैटर्न असंतुलित हो जाता है।

# यूजर्स का डेटा भारत से बाहर भेजने पर रोक

## टेलीकॉम सेक्टर में लाइसेंस राज खत्म, अब ऑनलाइन मंजूरी मिलेगी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

अब आपकी प्राइवेसी और पर्सनल डेटा पूरी तरह से सुरक्षित रहेगा, क्योंकि अब टेलीकॉम कंपनियों को आपके फोन, इंटरनेट इस्तेमाल और कॉलिंग से जुड़ा सभी तरह का डेटा और लॉग्स अब भारत में ही स्टोर करना होगा।

कोई भी कंपनी आपका पर्सनल डेटा देश के बाहर नहीं भेज पाएगी और न ही किसी विदेशी संस्था के साथ शेयर कर सकेगी। दरअसल, दूरसंचार विभाग ने बुधवार को टेलीकॉम कंपनियों के लिए नए नियम जारी किए हैं।

डॉट ने कंपनियों के लिए टेलीकॉम सेक्टर में दशकों पुराना लाइसेंस राज खत्म कर एक नया और आसान मंजूरी सिस्टम शुरू किया है। इसके साथ ही सरकार ने 'टेलीकॉम ई-सर्विसेज पोर्टल' नाम की एक वेबसाइट भी बनाई है, ताकि सारा काम डिजिटल हो सके।

अब तक कंपनियों को मोबाइल या इंटरनेट सेवाएं शुरू करने के लिए सरकार से जटिल और लंबी 'लाइसेंस' प्रक्रिया से गुजरना पड़ता था, जिसमें महीनों लग जाते थे।

# दावा-स्विट्जरलैंड में पाकिस्तानी आर्मी चीफ को मारने का प्लान था

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इजराइल**

इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद ने स्विट्जरलैंड में ईरान शांति वार्ता के दौरान पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर और उनके डेलिगेशन की हत्या की साजिश रची थी। यह दावा ब्राजील के पत्रकार पेपे एस्कोबार ने एक पॉडकास्ट में किया है। पत्रकार के दावे के मुताबिक पाकिस्तानी अधिकारियों को जब ये बात पता चली तो उन्होंने धमकी दी जिसके बाद इजराइल को अपना प्लान बदलना पड़ा। यह दावा उस समय से जुड़ा है जब पाकिस्तान और कतर के प्रतिनिधिमंडल स्विट्जरलैंड के बर्गेनस्टॉक रिजॉर्ट में मौजूद थे।

# तमिलनाडु- डिलीवरी तो नवजात को एक ग्राम सोने की अंगूठी मुफ्त मिलेगी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ तमिलनाडु**

तमिलनाडु के सरकारी अस्पताल में जन्म लेने वाले स्थानीय निवासियों के बच्चों को राज्य सरकार एक ग्राम सोने की अंगूठी का तोहफा देगी। लड़का-लड़की, दोनों योजना के पात्र होंगे। परिवार में कितने भी बच्चे हों, अंगूठी हर नवजात को मिलेगी। मुख्यमंत्री विजय की सरकार ने थाईमामन थंगा मोथिरम थिट्टम योजना लागू करने का आदेश दिया है। शुरूआत 15 सितंबर 2026 (पूर्व सीएम अन्नादुरई की जयंती) से शुरू होगी। लाभ 22 जून 2026 (विजय के जन्मदिन) से जन्मे बच्चों को मिलेगा।

# रेप-मर्डर का आरोपी नपुंसक निकला

## रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई, बोला- रेप की कोशिश की, कर नहीं सका फिर मर्डर किया

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

दिल्ली में 11 साल की बच्ची के रेप-मर्डर को लेकर नया दावा किया गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक आरोपी कैब ड्राइवर इरेक्टाइल डिस्फंक्शन, यानी शारीरिक संबंध बनाने में दिक्कत आने से पीड़ित था। उसकी नपुंसकता रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई है।

आरोपी ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि उसने गाड़ी की पिछली सीट पर बच्ची के साथ रेप करने की कोशिश की। लेकिन इरेक्टाइल डिस्फंक्शन के कारण वह ऐसा नहीं कर सका।

आरोपी ने कहा कि उसने बच्ची को शोर मचाने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी और फिर उसे फरीदाबाद-गुरुग्राम सीमा के पास एक सुनसान जंगली इलाके में ले गया। जहां उसकी हत्या कर दी और शव को पत्थरों के ढेर के नीचे छिपा दिया।

24 जून को आरोपी को पकड़ने के बाद पुलिस उसे क्राइम सीन रीक्रिएट करने के लिए ले जा रही थी। पुलिस का दावा है कि उसने भागने की कोशिश की। रोकने के लिए उसे पैर में गोली मार दी गई। फिलहाल वह अस्पताल में भर्ती है।

### आरोपी बच्ची को गाड़ी में 12 किमी तक घुमाता रहा

पांच लोगों का परिवार फुटपाथ पर एक कतार में सो रहा था, जिसमें बच्ची अपनी मां, मौसी, भाई और पिता के बीच में थी। पुलिस ने बताया कि आरोपी बाशु कुमार सिंह ने अपनी कार उनके ठीक बगल में खड़ी की थी और उसका पिछला दरवाजा खुला था। उसने बच्ची को गोद में उठाया और गाड़ी की पिछली सीट पर लेटा दिया। जैसे ही गाड़ी चलने लगी, लड़की को थोड़ा होश आया और वह अपने पिता को पुकारते हुए चिल्लाई। जिससे उनकी नींद खुल गई। पुलिस ने बताया कि उसके पिता ने गाड़ी को रोकने की कोशिश में उसके पीछे दौड़कर उस पर डंडे फेंके, लेकिन आरोपी गाड़ी भगा ले गया। लड़की के पिता को बस इतना ही याद था कि गाड़ी की नंबर प्लेट पीली थी, जिससे पता चलता था कि वह एक कमर्शियल गाड़ी थी। आरोपी बच्ची को फतेहपुर बेरी के पास मंडी रोड की ओर लगभग 10 से 12 किलोमीटर तक ले गया। पुलिस ने बताया कि लाश को ठिकाने लगाने के बाद आरोपी गुरुग्राम में अपने किराए के घर लौटा, कपड़े बदले और कुछ ही घंटों में कैब ड्राइवर के तौर पर काम पर वापस चला गया। बाद में पुलिस ने आस-पास की दुकानों के उउळश फुटेज देखे, गाड़ी का रूट पता किया और आरोपी को ढूंढ निकाला।

## ट्रम्प ने संसद से 8 लाख करोड़ की फंडिंग मांगी संसद इसके खिलाफ

**तेल अवीव/तेहरान।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की सरकार ने अमेरिकी संसद से 87.6 अरब डॉलर यानी करीब 8.3 लाख करोड़ रुपए की अतिरिक्त फंडिंग मंजूर करने की मांग की है। इसका बड़ा हिस्सा ईरान युद्ध से जुड़े खर्चों के लिए रखा गया है। व्हाइट हाउस के मुताबिक, यह रकम पिछले साल मंजूर किए गए करीब 1 ट्रिलियन डॉलर और अगले वित्तीय वर्ष के लिए मांगे गए 1.5 ट्रिलियन डॉलर के रक्षा बजट से अलग है। सरकार का कहना है कि यह पैसा युद्ध से जुड़े ऑपरेशन, सेना की तैयारी, हथियारों के भंडार को फिर से भरने और सीक्रेट रक्षा कार्यक्रमों पर खर्च किया जाएगा। वहीं, संसद में इस मांग का विरोध बढ़ रहा है। मंगलवार को सीनेट ने एक प्रस्ताव पारित कर ट्रम्प से ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रोकने को कहा। इससे पहले ऐसा ही प्रस्ताव लोअर हाउस भी पास कर चुकी है।

## रेलवे की ग्रुप डी 32,438 भर्ती का रिजल्ट जल्द घोषित होने की संभावना

**नई दिल्ली।** आरआरबी ग्रुप डी भर्ती परीक्षा में शामिल हुए अभ्यर्थियों का इंतजार अब जल्द खत्म हो सकता है। रेलवे भर्ती बोर्ड द्वारा 32,438 पदों पर आयोजित ग्रुप डी भर्ती परीक्षा का रिजल्ट जून के अंतिम सप्ताह में जारी किए जाने की संभावना है। रिजल्ट जारी होने के बाद उम्मीदवार अपने क्षेत्रीय आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर रोल नंबर की मदद से परिणाम देख सकेंगे। बोर्ड परिणाम के साथ कटऑफ और स्कोरकार्ड भी जारी करेगा। जो अभ्यर्थी लिखित परीक्षा में सफल होंगे, उन्हें भर्ती प्रक्रिया के अगले चरण यानी फिजिकल एफिशिएंसी टेस्ट (पीईटी) के लिए बुलाया जाएगा। उम्मीदवारों को सलाह दी गई है कि वो केवल आधिकारिक वेबसाइट से ही अपडेट प्राप्त करें।

## खामेनेई के अंतिम संस्कार के लिए पीएम मोदी को न्योता

**तेहरान/नई दिल्ली।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के राजकीय अंतिम संस्कार में शामिल होने का न्योता भेजा है। अयातुल्ला खामेनेई की 28 फरवरी को इजराइल-अमेरिका के हमले में मौत हो गई थी। इसके बाद 4 मार्च को उनका अंतिम संस्कार होना था लेकिन जंग की वजह से इसे टाल दिया गया था। अब इसकी शुरूआत 4 जुलाई से होगी। उनके शव को तेहरान के ग्रैंड मोसल्ला परिसर में अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। इसके बाद 9 जुलाई को मशहद स्थित इमाम रजा दरगाह में दफन किया जाएगा। अधिकारियों को उम्मीद है कि तेहरान, कुम और मशहद में होने वाले अंतिम संस्कार कार्यक्रमों में करीब 2 करोड़ लोग शामिल हो सकते हैं।

## फ्रांस में गर्मी से 58 लोगों की मौतः न्यूक्लियर पावर प्लांट बंद करना पड़ा

**पेरिस, लंदन।** फ्रांस में गर्मी के कारण 58 लोगों की मौत हो गई। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक लोग गर्मी से राहत पाने के लिए नदियों, झीलों और नहरों में नहाने जा रहे हैं। इसके चलते पिछले कुछ दिनों में 40 लोगों की डूबकर मौत हो गई है। इनमें ज्यादातर युवा शामिल हैं। इसके साथ ही, 2 बच्चों समेत 18 लोगों की गर्मी में लू के चलते मौत हो गई। हीटवेव के चलते फ्रांस में गोलफेश न्यूक्लियर पावर प्लांट को सोमवार रात बंद करना पड़ा। इसकी वजह यह है कि प्लांट को ठंडा करने के लिए इस्तेमाल होने वाली गारोन नदी का तापमान 28 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की आशंका है। फ्रांस ही नहीं यूरोप के 26 देश हीटवेव की चपेट में हैं। स्पेन, इटली और ब्रिटेन समेत 14 देशों में गर्मी को लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है।

## अहमदाबाद एयरपोर्ट पर दो विमान आमने-सामने आएः टक्कर होते बची

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद एयरपोर्ट पर बुधवार शाम एक बड़ा विमान हादसा टल गया। एअर इंडिया और इंडिगो के दो विमान एक ही टैक्सीवे (रनवे का एक हिस्सा) पर आमने-सामने आ गए। हालांकि दोनों विमानों को समय रहते रोक लिया गया। सूत्रों के अनुसार, मुंबई जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट उड़ान भरने की तैयारी कर रही थी। इसी दौरान मुंबई से अहमदाबाद पहुंची एअर इंडिया की फ्लाइट पार्किंग बे की ओर जाते समय गलती से गलत मोड़ ले बैठी और उसी टैक्सीवे पर पहुंच गई, जहां इंडिगो का विमान मौजूद था। दोनों विमानों के बीच करीब 200 मीटर की दूरी रह गई थी। बाद में एअर इंडिया विमान को टो करके सही पार्किंग बे तक ले जाया गया। इसके बाद इंडिगो विमान रनवे पर पहुंचा।

## सरकार बोली- पासपोर्ट यात्रा दस्तावेज, नागरिकता का प्रमाण नहीं

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने बुधवार को स्पष्ट किया है कि भारतीय पासपोर्ट नागरिकता का प्रमाण पत्र नहीं, बल्कि मुख्य रूप से एक यात्रा दस्तावेज है। सरकार ने 14वें पासपोर्ट सेवा दिवस के अवसर पर प्रेस ब्रीफिंग में ये बात बताई। मंत्रालय ने स्पष्टीकरण में कहा कि पासपोर्ट केवल अंतरराष्ट्रीय यात्रा की सुविधा के लिए जारी किया जाता है। हालांकि यह सिर्फ भारतीय नागरिकों को ही दिया जाता है, लेकिन अपने आप में यह नागरिकता स्थापित करने वाला दस्तावेज नहीं माना जाएगा। इससे पहले मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण से जुड़ी सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट भी कह चुका है कि आधार कार्ड पहचान का दस्तावेज है, नागरिकता का नहीं।



## खबर एक नजर...

### पैरों में जूते न हों पर किताब होना जरूरी, पुस्तक ही है असली दोस्त - मनोहर परमार

**उज्जैन।** पैरों में भले ही जूते न हों, लेकिन किताब होना बहुत जरूरी है। आपकी पहली जीवनसाथी और असली दोस्त पुस्तक ही है। अभिभावक बच्चों की शिक्षा को महत्व दें और उन्हें आगे बढ़ाएं। यह बात श्री मनोहर परमार ने हृदयेश्वर नाथ महादेव मंदिर में आयोजित स्कूल बैग वितरण समारोह में बच्चों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कही। भारतीय सेन समाज के तत्वावधान में मनोहर परमार ने अपने माता-पिता स्व. बद्रीलाल परमार और स्व. ललिता बाई परमार की पुण्य स्मृति में सेन समाज के बच्चों को स्कूल बैग वितरित किए। कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष रवि राय, पार्षद राखी कड़ेल और मांगीलाल कड़ेल बतौर अतिथि उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेम यादव ने की। समारोह का सफल संचालन सुरेश सोलंकी ने किया। इस अवसर पर शिवनारायण झाला, मंगेश कश्यप, वीरेंद्र परमार, पवन परमार, ओम लाहौरी, जगदीश देवड़ा, भरत श्रीवास, शरद सेन, प्रहलाद भाटी, रविन्द्र भैंसोदा, पंकज वर्मा, भगवान सिंह वर्मा, जिम्नास्टिक के आर.एल. वर्मा, हॉकी के आर.पी. वर्मा, गजानंद परमार, राजाराम सोलंकी, जितेन्द्र सेन, आशीष वर्मा, संजय सेन, संदीप, गौरव, राहुल वर्मा, अनिल वर्मा एमपीईबी ने अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में आभार गोपाल बागरवाल ने माना।

### ठाकुर शिवप्रताप सिंह स्मृति समारोह आज

**उज्जैन।** मूर्धन्य पत्रकार एवं 'उज्जैन गौरव' ठाकुर शिवप्रताप सिंह जी की 113वीं जयंती के अवसर पर आज शाम 6 बजे साहित्यकार सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। जानकारी देते हुए श्री चंद्रभान सिंह चंदेल ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता ख्यात चित्रकार व साहित्यकार डॉ. श्रीकृष्ण जोशी करेंगे। मुख्य अतिथि हिंदी व मालवी के प्रमुख हस्ताक्षर डॉ. शिव चौरसिया होंगे। वहीं, विशेष अतिथि के रूप में सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलानुशासक डॉ. शैलेंद्र कुमार शर्मा उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर नगर के ख्यात साहित्यकारों– दिलीप जैन, श्रीमती अमृता उषारिया, श्रीमती सीमा पंड्या, शशांक दुबे, आरिफ अफजल, संदीप 'सृजन', डॉ. राजेश रावल 'सुशील', श्रीमती संगीता तल्लेरा, गोपाल 'गर्वित', सुश्री शीला व्यास एवं डॉ. विजय सुखवानी का सम्मान किया जाएगा।

### विद्यार्थियों और समाजजनों ने लिया नियमित योग का संकल्प

**उज्जैन।** अब्दालपुरा स्थित संत लीलाशाह कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में योग शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर योग के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए योगाचार्य गौरव मौड़ का सामाजिक अभिनंदन कर सम्मान किया गया। शिविर में उपस्थित विद्यार्थियों एवं समाजजनों को सरलतम विधियों से योग सिखाया गया, जिसके बाद सभी ने नियमित रूप से योग करने का संकल्प लिया। शिविर का आयोजन स्वामी लीलाशाह आरोग्यधाम समिति, पूज्य सिंधी भाई बंध पंचायत और स्कूल प्रबंधन समिति के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। शिविर में शहर के प्रसिद्ध योगाचार्य राकेश एवं गौरव मौड़ द्वारा विद्यार्थियों और समाजजनों को विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती और स्वामी लीलाशाह महाराज के चित्र पर पूजा-अर्चना व दीप प्रज्वलन कर किया गया। शुभारंभ समाजसेवी नोतनदास चेतनानी, गौरव गौड़, सचिन चौहान, नीतू बलवानी और कन्हैयालाल वासवानी ने किया। अतिथि उद्बोधन में दौलत खेमचंदानी ने बताया कि स्वामी लीलाशाह जी ने योग के माध्यम से दुनिया को निरोगी रखने के लिए अनेक कार्य किए थे।कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत राजेंद्र चेतनानी, पदमा खत्री, महक तेजवानी, विशाखा समदानी, उमा भाटिया, रीता सोलंकी, नैना खत्री, सोनिया थानी, बल्लू भैया और उमा सोलंकी ने किया।

# चूहे और बिल्ली के खेल से दिया नकारात्मक महाशक्तियों से मुकाबले का संदेश

## नाटक 'हड्डी' का मंचन, वर्तमान राजनीति पर कसा तीखा व्यंग्य





ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सिन्धू प्रवाह अकादमी के तत्वावधान में 23 जून को कालिदास अकादमी के अभिरंग नाट्य गृह में असगर वजाहत द्वारा रचित नाटक 'हड्डी' का सफल मंचन किया गया। वरिष्ठ नाट्य निर्देशक कुमार किशन के निर्देशन में बच्चों ने चूहे और बिल्ली के किरदारों के माध्यम से वर्तमान वैश्विक संकट और नकारात्मक महाशक्तियों का एकजुट होकर मुकाबला करने का संदेश दिया। नाट्य संध्या का शुभारंभ वरिष्ठ मालवी साहित्यकार डॉ. शिव चौरसिया और वरिष्ठ रंगकर्मी शीला व्यास ने दीप प्रज्वलित कर किया।

संस्था प्रमुख डॉ. पल्लवी किशन ने बताया कि करीब एक घंटे के इस नाटक में वर्तमान राजनीति पर भी गहरा व्यंग्य किया गया। नाटक उन जनप्रतिनिधियों को सचेत करता नजर आया, जो अपने ही साथियों के सहयोग से नेता बनकर बाद में उन्हीं पर हुकूमत करते हुए उन्हें परेशान करते हैं। बच्चों के सहज अभिनय और नाटक के तीखे व्यंग्यों को दर्शकों की खूब सराहना मिली। इस अवसर पर वरिष्ठ रंगकर्मी अजय मेहता, सुंदरलाल मालवीय, पंकज आचार्य, प्रकाश देशमुख, एन.डी. लखानी और अलका सिंह जादौन विशेष रूप से उपस्थित थे।

**इन्होंने संभाली मंच व्यवस्था और पर्दे के पीछे की जिम्मेदारी** नाटक की मंच व्यवस्था विजय भागचंदानी और रोहित सामधानी ने संभाली। प्रकाश परिकल्पना शांतनु भागचंदानी, वस्त्र विन्यास वीणा व्यास व सोनल भागचंदानी का रहा। कोरियोग्राफी और प्रबंधन की जिम्मेदारी डॉ. पल्लवी किशन ने निभाई।

**इन बाल कलाकारों ने किया शानदार अभिनय**

मंच पर बिल्ला के किरदार में शांतनु भागचंदानी, परी की भूमिका में रिश्वी व्यास और बड़े चूहे के रूप में कुनाल खत्री ने शानदार अभिनय किया। अन्य चूहों के किरदार चिराग तोलानी, चिराग सावधानी, मोही थारवानी, हर्षवर्धन खत्री, अयान तेजवानी, जियांश तेजवानी, अनमोल जयसिंघानी, देवेशी चौहान, स्तुति खत्री, दित्या टहलानी, चाहत कश्यप, तृषा गंगवानी, रिया थारवानी और माही यादव ने निभाए।

### एमपी रीजन अंताक्षरी प्रतियोगिता में जावरा टीम बनी विजेता, नीमच उपविजेता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

जैन सोशल ग्रुप मध्यप्रदेश रीजन द्वारा आयोजित और जैन सोशल ग्रुप मैत्री उज्जैन के आतिथ्य में हुई रीजनल अंताक्षरी प्रतियोगिता में जावरा की टीम ने विजेता का खिताब अपने नाम किया है, वहीं नीमच की टीम उपविजेता रही।

रीजन चेयरमैन राहुल चपलोद द्वारा आयोजन का दायित्व एमपी रीजन अंताक्षरी चेयरमैन एवं मैत्री ग्रुप के पूर्व अध्यक्ष पवन दाता को सौंपा गया था। फेडरेशन के निर्धारित नियमों के अनुसार प्रतियोगिता 7 राउंड में संपन्न हुई, जिसमें प्रदेश के विभिन्न शहरों से 7 टीमों के 42 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। क्विज मास्टर प्रतीक रुनवाल ने प्रतियोगिता का संचालन किया।

कार्यक्रम का मंच संचालन मैत्री ग्रुप के पूर्व अध्यक्ष एवं रीजन सहसचिव संजय कोठारी ने किया। शुरूआत में मैत्री ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष एवं मंगल यात्रा हिंदी पत्रिका के संपादक आईडी अभिषेक सेठिया ने स्वागत भाषण देते हुए ग्रुप की गतिविधियों की जानकारी दी। जैन सोशल ग्रुप इंटरनेशनल फेडरेशन के आगामी अध्यक्ष मनीष कोठारी ने आगामी राष्ट्रीय कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए आयोजन की सराहना की। फेडरेशन के पूर्व अध्यक्ष अभय सेठिया, आईडी एचएलजी मेहता, पूर्व उपाध्यक्ष दीपेन कोठारी और रीजन चेयरमैन राहुल चपलोद ने भी विचार व्यक्त करते हुए रीजन की आगामी योजनाओं की जानकारी साझा की।

# गंगा दशमी पर रामेश्वर महादेव का पाटोत्सव सम्पन्न, त्रेता युग में भगवान राम ने की थी स्थापना

### हरसिद्धि मंदिर के पीछे स्थित है 360 डिग्री घूमने वाला देश का एकमात्र शिवलिंग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

धार्मिक नगरी अवंतिका में बुधवार को गंगा दशमी का पर्व भक्तिभाव और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शिप्रा तट के समीप स्थित अति प्राचीन श्री रामेश्वर महादेव मंदिर में पाटोत्सव उल्लासपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। मान्यता है कि गंगा दशमी के पावन पर्व पर ही भगवान श्रीराम ने इस शिवलिंग की स्थापना की थी। तभी से यहां पाटोत्सव अर्थात स्थापना दिवस मनाया जा रहा है।

पाटोत्सव के अवसर पर रामेश्वर महादेव मंदिर की फूलों से आकर्षक साज-सज्जा की गई। ब्रह्म मुहूर्त में ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ धार्मिक अनुष्ठान शुरू हुए। प्रातः काल पंडित दिलीप ज्ञानी के आचार्यत्व में लघु रुद्र अभिषेक संपन्न हुआ। मंदिर के पुजारी डॉ. विशाल लक्ष्मीकांत शुक्ल, पंडित दिलीप ज्ञानी और पंडित आर्यन शुक्ल ने वैदिक मंत्रोच्चार से पंचामृत अभिषेक किया। कई घंटों तक चले अभिषेक के बाद रामेश्वर महादेव का



मनमोहक श्रृंगार कर महाआरती की गई।

### वनवास के दौरान श्रीराम ने किया था पिता का तर्पण

प्रसिद्ध शक्तिपीठ हरसिद्धि मंदिर के ठीक पीछे और महाकाल मंदिर से करीब 500 मीटर की दूरी पर स्थित यह देश का एकमात्र ऐसा शिवलिंग है जो 360 डिग्री तक घूम जाता है। मंदिर के पुजारी डॉ. विशाल लक्ष्मीकांत शुक्ला ने बताया कि त्रेता युग में वनवास के दौरान भगवान श्रीराम रामघाट पर अपने पिता दशरथ जी का तर्पण करने आए थे। उसी दौरान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण जी ने इस शिवलिंग की स्थापना की थी।

शंकु आकार के इस अति प्राचीन शिवलिंग का उल्लेख स्कंद पुराण में भी मिलता है। इस अद्भुत शिवलिंग को मंत्रों के माध्यम से 360 डिग्री तक घुमाया जाता है। जब इस शिवलिंग को घुमाते हैं तो यह अलग-अलग दिशाओं में विराजित 12 ज्योतिलिंगों का रूप ले लेता है। इसलिए इसके दर्शन मात्र से सभी 12 ज्योतिलिंगों के दर्शन का फल प्राप्त होता है।

### सजा पद्मावती महिला मंडल का दरबार, महारानियों के किरदार में सजीं महिलाएं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

श्री पद्मावती महिला मंडल की महारानी थीम पर आधारित साधारण सभा शर्मा परिसर में संपन्न हुई। कार्यक्रम में सदस्यों ने ऐतिहासिक और पौराणिक महारानियों के परिधानों में सजकर अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। मंडल अध्यक्ष नीलम पांड्या और पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ममता काला व परिधि बड़जात्या ने मंगलाचरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की सूत्रधार मीना भूषण जैन ने बताया कि सदस्यों ने इसमें उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। राशि जैन, रजनी पटौदी, चंदना जैन, सीमा जैन, ऋतु जैन, सुरभि पांड्या, शोभा कासलीवाल, मंजुला कोटरिया, स्नेहलता जैन, पायल सेठी, रचना भारिल्ल, रेखा जैन, आराधना जैन और मधु कोठारी ने नाटिका, भजन, नृत्य व संवाद के माध्यम से रानी लक्ष्मीबाई, दुर्गावती, माता त्रिशला, कौशल्या, सीता, पद्मावती, गायत्री देवी, अहिल्या बाई और द्रौपदी के चरित्रों को मंच पर साकार किया। शाही अंदाज में आयोजित इस महारानी थीम की प्रायोजक स्नेहलता विनायका, रचना भारिल्ल और संगीता सोगानी रहीं। आयोजन के दौरान डॉली बोहरा और उषा लुहाड़िया ने 'महारानी का ताज' नाम से तंबोला का विशेष गेम भी खिलाया। अंत में मंडल सचिव राखी जैन, कोषाध्यक्ष ज्योति जैन, श्रुति बड़जात्या और भावना जैन ने सभी प्रतिभागियों को रोजमैरी के पौधे व अन्य पुरस्कार देकर सम्मानित किया.

# मुख्यमंत्री पर आरोप लगाने से पहले अपने गिरेबान में झांके कांग्रेस

### भाजपा नेता सुरेंद्र सांखला का पलटवार, कहा- झूठ के सहारे प्रदेश में अपना अस्तित्व तलाश रहा विपक्ष

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पर लगाए जा रहे आरोपों को लेकर भाजपा ने कांग्रेस पर तीखा पलटवार किया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र सांखला ने कहा कि कांग्रेस झूठ के सहारे मध्यप्रदेश में अपना अस्तित्व तलाश रही है। एक व्यक्ति को टारगेट कर कांग्रेस अपनी राजनीति चमकाना चाहती है, लेकिन आरोप लगाने से पहले उसे अपने गिरेबान में झांकना चाहिए।

सांखला ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की पूंजी है और मुख्यमंत्री भी उसी क्रम में आते हैं। कांग्रेस के शासनकाल पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि अर्जुन सिंह, दिग्विजय सिंह और कमलनाथ के मुख्यमंत्री कार्यकाल में प्रदेश में विकास की रफ्तार पूरी तरह ठप थी। उस दौरान व्यापारियों, कर्मचारियों और कृषि क्षेत्र को भारी नुकसान उठाना पड़ा। उन्होंने भोपाल गैस कांड और केरवा डैम जैसे मामलों को कांग्रेस शासन की देन बताते हुए कहा कि तब प्रदेश में भ्रष्टाचार, अनीति और जनता के दुखों का राज था। प्रदेश अध्यक्ष पटवारी पर तंज कसते हुए सांखला ने कहा कि पटवारी वाकई में पटवारी हैं और उन्हें सिर्फ जमीन ही नजर आती है। जो अपनी खुद की विधानसभा नहीं बचा सके, वे नेता जनता को भ्रमित कर धार्मिक उन्माद पैदा करने और जनमत बटोरने का अनैतिक खेल खेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज भाजपा सरकार में जनता सुख-समृद्धि की ओर बढ़ रही है और यही बात कांग्रेस को हजम नहीं हो रही है।

भाजपा नेता ने कहा कि देश में घोटालों का रिकॉर्ड बनाने वाली कांग्रेस को हर जगह घोटाले ही नजर आते हैं। यदि कोई व्यक्ति अपनी आय से उन्नति करता है, तो यह कोई मुद्दा नहीं बनता।

# महाकुंभ क्षेत्र में 300 साल पुराने मंदिरों की जमीन पर भू-माफिया का कब्जा, फर्जी रजिस्ट्री से कट रहे प्लॉट

### जयसिंहपुरा के राम, महादेव और बाग वाले हनुमान मंदिर की भूमि बेचने का आरोप, कलेक्टर व संभागायुक्त से शिकायत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर के जयसिंहपुरा क्षेत्र में स्थित 300 साल से अधिक पुराने राम मंदिर, बाग वाले हनुमान मंदिर और महादेव मंदिर की बेशकीमती जमीन भू-माफियाओं द्वारा फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बेचने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। महाकुंभ मेले के क्षेत्र में आने वाली इस प्राचीन धरोहर की जमीन पर अवैध प्लॉटिंग को लेकर हनुमान भक्त मंडल सेवा समिति ने कलेक्टर और संभागायुक्त को शिकायत सौंपकर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

समिति के पदाधिकारियों का आरोप है कि 17वीं-18वीं सदी में राजा जयसिंह द्वारा स्थापित इन मंदिरों की भूमि वर्ष 1901 से 1950 तक सरकारी रिकॉर्ड में कैफियत 12 नंबर में 'मंदिर' के नाम से ही दर्ज थी। इसके बाद राजस्व रिकॉर्ड में हेराफेरी कर 1950 से 1980 के बीच फर्जी तरीके से यशोदा बाई नामक महिला का नाम दर्ज कर दिया गया। 1980 के बाद यह बेशकीमती जमीन सुलेमान उर्फ सुलेमान चौधरी को बेची गई, जिसने 2016 में इसे स्व. रामस्वरूप खंडेलवाल की पत्नी श्यामा देवी को बेच दिया। इस पूरी खरीदी-बिक्री में मंदिर के ऐतिहासिक महत्व को छिपाया गया। समिति द्वारा साक्ष्य के तौर पर प्रस्तुत पुरातत्व विभाग के पत्र में स्पष्ट उल्लेख है कि 11 मई 2015 को किए गए विभागीय निरीक्षण में भी बाग वाले हनुमान मंदिर और महादेव मंदिर की प्रतिमाओं को 18वीं सदी का माना गया था। वर्तमान में श्यामा देवी के निधन के बाद उनके पुत्र अरुण खंडेलवाल और विजय खंडेलवाल द्वारा इस जमीन पर बिना डायवर्शन के 5000 रुपए प्रति वर्गफीट की दर से अवैध प्लॉटिंग की जा रही है। साल 2016 में भी खंडेलवाल परिवार पर अवैध प्लॉट विक्रय का प्रकरण दर्ज हो चुका है, बावजूद इसके क्रय-विक्रय जारी है। भू-माफियाओं की आपत्ति के कारण ही नगर निगम द्वारा मंदिर के सभा मंडप के लिए स्वीकृत 10 लाख रुपए से अधिक का निर्माण कार्य भी अधर में लटका हुआ है।

### सरकारी संपत्ति घोषित कर एफआईआर की मांग

प्राचीन धरोहर को खुर्द-बुर्द होने से बचाने के लिए हनुमान भक्त मंडल सेवा समिति के अध्यक्ष फूलचंद जरिया, उपाध्यक्ष भैयालाल माली, सचिव मनीष सिंह चौहान और कोषाध्यक्ष घनश्याम उर्फ बुलबुल जैसवाल ने मंगलवार को जिला प्रशासन और निगम सभापति को ज्ञापन सौंपा। समिति ने मांग की है कि इस पूरी भूमि को तत्काल प्रभाव से सरकारी मंदिर की संपत्ति घोषित कर अतिक्रमण हटाया जाए। फर्जी रजिस्ट्री निरस्त कर सुलेमान चौधरी और खंडेलवाल परिवार पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए और रुके हुए सभा मंडप का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया जाए।

### जगह-जगह हुआ पुष्पवर्षा से स्वागत, माहेश्वरी भवन में माधुर्य भोज के साथ समापन

# उल्लास के साथ मना महेश नवमी महोत्सव, चारभुजानाथ मंदिर से निकली भगवान महेश की भव्य पालकी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

महेश नवमी महोत्सव के अवसर पर 23 जून को भगवान महेश की विशेष पूजन-अर्चन के बाद शहर में भव्य पालकी निकाली गई। चल समारोह चारभुजानाथ मंदिर गोला मंडी से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ श्री माहेश्वरी भवन पहुंचा। यहां जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में माधुर्य भोज के साथ आयोजन का समापन हुआ।





चल समारोह गोला मंडी स्थित चारभुजानाथ मंदिर से शुरू होकर गोंदा की चौकी, बुधवारिया, निकास, तेलीवाड़ा और मिर्जानइम मार्ग होते हुए श्री माहेश्वरी भवन गोला मंडी पहुंचा। मार्ग में माहेश्वरी दूध भंडार के राजेश झंवर, अशोक भूतड़ा, राजकुमार भूतड़ा, ओमप्रकाश भूतड़ा, माहेश्वरी सभा, माहेश्वरी समाज युवा संगठन, वैष्णव मंडल, प्रशांत बंग निलेश कोठारी मित्र मंडल और आनंद अशोक भूतड़ा सहित अनेक परिवारों व संगठनों ने चल समारोह का भव्य स्वागत कर भगवान की पूजा-अर्चना की।

चल समारोह के माहेश्वरी भवन गोला मंडी पहुंचने पर उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, झोन? अध्यक्ष रजत मेहता और पार्षद योगेश्वरी भी शामिल हुए। तत्पश्चात माहेश्वरी भवन में सभी माहेश्वरी परिवारों का माधुर्य भोज संपन्न हुआ।

चल समारोह में लक्ष्मीनारायण मूंदड़ा, कैलाश नारायण राठी, नृसिंह देवपुरा, भूपेन्द्र भूतड़ा, राधेश्याम चोखड़ा, ओमप्रकाश काबरा, महेश चांडक, ओमप्रकाश बाहेती, निरंजन हेड़ा, अशोक परवाल, अतुल देवपुरा, दिनेश डाढ, लोकेंद्र काबरा, अरूण भूतड़ा, अर्जुन समदानी, कोमल भूतड़ा, संजय मूंदड़ा, सुनिल बांगड़, मनसुखलाल झंवर, सचिन बसेर, प्रकाश प्रहलाद दास सोडानी, कमलेश मंत्री, नंदकिशोर लखोटिया, सपन माहेश्वरी, सावन बजाज, प्रकाश तोतला, रमेश चन्द्र होलानी, सत्यनारायण मूंदड़ा, कैलाश जैथल्या, भूपेन्द्र जाजू, मंगल भट्टड़, लक्ष्मीनिवास झंवर, निलेश कोठारी, प्रशांत बंग, गिरीश भट्टड़, सुरेन्द्र कुमार काबरा, संजय सोडानी, कमल कोठारी, सत्यनारायण सोमानी, राजकुमार झंवर, उमेश मालू, लोकेंद्र भूतड़ा, नंदकिशोर गोयदानी, नरेन्द्र तोषनीवाल, जितेन्द्र तोषनीवाल, सुनिल लाहोटी, हंसा बाहेती, सीमा कांसट, किरण अटल, मनीषा डागा, शीला मंडोवरा, पायल भूतड़ा, कुसुम भूतड़ा और राजश्री भूतड़ा सहित अनेक माहेश्वरी समाजजन व महिलाएं शामिल थीं।

### रानी दुर्गावती बलिदान दिवस पर स्मरण किया

उज्जैन। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वाधान में रानी दुर्गावती के 462 वें बलिदान दिवस पर पुष्पांजलि अर्पित कर पुण्यस्मरण किया,इस अवसर पर राष्ट्रीय महामंत्री अनिलसिंह चंदेल,राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य-ठा.हरदयालसिंह एडवोकेट, शहर अध्यक्ष अभिषेकसिंह बैंस,शहर कार्यकारी अध्यक्ष-अनिलसिंह राजपूत, राजेशसिह गौर, शैलेन्दसिह ठाकुर, प्रदीपसिह तोमर, मलखानसिंह दिखित, राघवेन्दसिह भदौरिया,अनूपसिह राणा, श्याबहादुसिह बघेल, शरदसिंह चौहान, राघवेन्दपाल सिह जादौन, नागेन्दसिह जादौन, बलवन्तसिह राजपूत, देवेन्दसिह राजपूत, लालसिंह गौर, नागेंद्रसिह जादौन, शंकरसिह चौहान, भंवरसिंह बैस, मनोहरसिंह हाड़ा, रोहितसिह राठौड़ सहित बड़ी संख्या में राजपूत सरदार उपस्थित थे । रानी दुर्गावती का जन्म 5 अक्टूबर 1524 को कालिंजर दुर्ग में महाराज श्री कीर्तिसिंह चंदेल के यहाँ दुर्गा अष्टमी को हुआ,इसीलिए उनका नाम दुर्गावती रखा गया.

### नृत्य त्रिनेत्र उत्सव-2026 में सजी शास्त्रीय नृत्य की अनुपम छटा




ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों, शास्त्रीय कलाओं एवं नृत्य परंपरा के संरक्षण और संवर्धन हेतु समर्पित त्रिनेत्र सांस्कृतिक संस्थान द्वारा आयोजित 'नृत्य त्रिनेत्र उत्सव-2026इ का भव्य एवं गरिमामय आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में संस्थान के समस्त विद्यार्थियों ने मंगलमय गणेश वंदना की मनोहारी प्रस्तुति देकर उत्सव का शुभारंभ किया।

इसके पश्चात भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन एवं मयार्दा पर आधारित 'राम कथाइ विषयक कथक नृत्य-नाट्य की अत्यंत भावपूर्ण एवं प्रभावशाली प्रस्तुति दी गई, जिसने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रस्तुति में विभिन्न लयकारियों, गतियों एवं भावाभिनय का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। तबला, ऑक्टोपैड एवं हारमोनियम के सजीव संगीत संयोजन ने नृत्य प्रस्तुति को और अधिक सशक्त एवं प्रभावोत्पादक बनाया।

कार्यक्रम का संयोजन, परिकल्पना, निर्देशन एवं पठन-पाठन संस्थान की निदेशिका श्रीमती मयूरी शर्मा सक्सेना द्वारा किया गया। संगीत संयोजन एवं मधुर गायन का दायित्व कुलदीप दुबे ने निभाया। तबले पर अभिषेक माथुर तथा ऑक्टोपैड पर गौरांग शर्मा ने अपनी उत्कृष्ट संगत से

दैनिक ब्रह्मास्त्र




## खबर एक नजर...

### री-नीट के आरोपों से घिरी कंपनी, विवादित एजेंसी से पीएससी ने लिखित में मांगी सफाई

**इंदौर।** मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग ने अपनी परीक्षाओं में थ्री लेयर सिक्युरिटी सिस्टम का जिम्मा देख रही एजेंसी (इनोवेटिव व्यू कंपनी) से लिखित में सफाई मांगी है। 21 जून को हुई री- नीट के दौरान बिहार में 30 फर्जी छात्र पकड़े गए थे। एनटीए ने री-नीट परीक्षा के लिए बायोमेट्रिक सत्यापन का ठेका ईडीसीआईएल को दिया था। ईडीसीआईएल ने यह काम इनोवेटिव व्यू कंपनी को सौंप दिया था। इस परीक्षा में बिहार के लखीसराय से जिस अंतरराज्यीय गैंग का भंडाफोड़ हुआ है,उसमें बायोमेट्रिक सत्यापन से जुड़े इस एजेंसी के कुछ कर्मचारी भी शामिल पाए गए थे। यह बात भी सामने आई थी कि झारखंड और तमिलनाडु सरकार ने 2025 में और यूपी सरकार ने 2022 में इनोवेटिव क्यू को बायोमेट्रिक सत्यापन के लिए ब्लैकलिस्ट किया था। इसे लेकर भी पीएससी ने अब कंपनी से पूछा है। पीएससी का कहना है कि 12 जुलाई को होने वाली सहायक प्राध्यापक भर्ती से पहले वह सुरक्षा सिस्टम की मजबूती को लेकर कोई संशय नहीं रखेगी। इसलिए जवाब मांगा गया है। इधर, कंपनी ने भेजे बयान में कहा कि जिन तीन राज्यों में उसे ब्लैक लिस्टेड किया गया था, वहां कोर्ट ने बैन हटा दिया है। री-नीट के मुद्दे पर भी जांच चल रही है।

### रिटायर्ड बीएसएनएल अधिकारी से ठगी

**इंदौर।** कनाड़िया क्षेत्र में साइबर ठगों ने बीएसएनएल के रिटायर्ड अधिकारी को निशाना बनाकर ठगी की वारदात को अंजाम दिया। मोबाइल फोन हैक कर उनके बैंक खातों से 6.47 लाख रुपए निकाल लिए गए। खाते से रकम निकलने की जानकारी मिलने पर पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। कनाड़िया पुलिस के मुताबिक, 63 वर्षीय महेंद्र सिंह चौहान, निवासी संचार नगर एक्सटेंशन, ने मंगलवार को शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि 22 जून को वह घर पर थे, तभी उनके मोबाइल पर दो ओटीपी आए। इसके बाद जब उन्होंने बैंक खाते की जांच की तो पता चला कि उनके आईसीआईसीआई बैंक खाते से करीब 5.94 लाख रुपए सात अलग-अलग ट्रांजेक्शन में निकाल लिए गए हैं। इसके अलावा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के खाते से भी करीब 53 हजार रुपए ट्रांसफर किए गए। कुल मिलाकर 6.47 लाख रुपए की धोखाधड़ी हुई। इसके बाद उन्होंने दोनों बैंक खाते तत्काल बंद कराए और साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई। महेंद्र सिंह चौहान को आशंका है कि किसी ने उनका मोबाइल हैक कर बैंक खातों से यह ट्रांजेक्शन किए हैं। मामले में कनाड़िया पुलिस ने उन्हें थाने बुलाकर शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली है।

### ट्रेन में चोरी करने वाला शातिर चोर इंदौर से गिरफ्तार

**इंदौर।** जीआरपी ने ट्रेन में चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से करीब 15 लाख रुपए कीमत के सोने के आभूषण बरामद किए गए हैं। पुलिस के मुताबिक आरोपी देश के कई राज्यों में सक्रिय था और वारदात के बाद पुलिस से बचने के लिए फ्लाइट से फरार हो जाता था। एएसपी हेमंत चौहान के मुताबिक आरोपी की पहचान जितेंद्र चावला उर्फ जीतू निवासी उत्तराखंड के रूप में हुई है। आरोपी ने 16 मार्च 2026 को अहमदाबाद से इंदौर आ रही ट्रेन में सफर कर रही इंदौर निवासी मीना का पर्स चोरी कर लिया था। पर्स में करीब 15 लाख रुपए कीमत के सोने के जेवर रखे हुए थे। पुलिस ने आरोपी की तलाश में फरीदाबाद, बरेली, मुरादाबाद, बदायूं समेत कई शहरों के 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। तकनीकी साक्ष्यों और लगातार निगरानी के आधार पर आरोपी को नीमच से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सोने का हार, कान के टॉप्स, दो सोने के कंगन और चार सोने की अंगूठियां बरामद की हैं। जब्त आभूषणों की कीमत करीब 15 लाख रुपए बताई जा रही है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अपने महंगे शौक पूरे करने के लिए ट्रेनों में चोरी की वारदातों को अंजाम देता था।

### इंदौर में कारोबारी से 65 लाख की धोखाधड़ी

**इंदौर।** भंवरकुआं थाना क्षेत्र में एक कारोबारी के साथ तुअर दाल के व्यापार में निवेश के नाम पर 65 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोप है कि दो व्यापारियों ने बड़े मुनाफे का लालच देकर रकम अपने अकाउंट में ट्रांसफर करवा ली, लेकिन न तो माल भेजा और न ही रकम वापस की। पुलिस के अनुसार, रानीबाग निवासी गिरीश रामनानी ने शिकायत दर्ज कराई है कि उनकी पहचान महाराष्ट्र के सोलापुर निवासी गुरुशांतलिंग कुंभार और सोमनाथ हलगोदे से हुई थी। दोनों ने खुद को तुअर दाल का बड़ा कारोबारी बताते हुए अपनी फर्म श्री विजयलक्ष्मी ट्रेडर्स के माध्यम से व्यापार करने का प्रस्ताव दिया। गिरीश कई वर्षों से दोनों के संपर्क में थे। इससे पहले छत्तीसगढ़ और नागपुर से भी उनके साथ व्यापारिक लेन-देन हो चुका था। फरियादी के मुताबिक, गुरुशांतलिंग कुंभार ने फरवरी 2026 में सोमनाथ को उनके पास भेजा। रानीबाग स्थित घर पर मुलाकात के दौरान उसने मोबाइल पर तुअर दाल के स्टॉक की तस्वीरें दिखाईं और व्यापार में निवेश करने पर अधिक मुनाफा मिलने का भरोसा दिलाया। उनकी बातों में आकर गिरीश रामनानी ने एचडीएफसी बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक से ऋण लेकर 65 लाख रुपए

---

कसरावद रोड स्थित नर्मदा पुल पर अपनी कार लावारिस हालत में छोड़कर लापता हुए

# इंदौर से लापता पेट्रोकेमिकल मैनेजर का शव मंडलेश्वर में मिला

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर से लापता पेट्रोकेमिकल कर्मचारी निशांत जोशी (50) का शव खरगोन के मंडलेश्वर में मिला है। निशांत सोमवार दोपहर से कसरावद रोड स्थित नर्मदा पुल पर अपनी कार लावारिस हालत में छोड़कर लापता हो गए थे। तभी से पुलिस, एसडीआरएफ और स्थानीय गोताखोर नर्मदा नदी में उनकी तलाश कर रहे थे। बुधवार दोपहर को गांधीनगर क्षेत्र में नदी के कचरे के बीच उनका शव तैरता मिला।

निशांत इंदौर की हैवनॉल पेट्रोकेमिकल कंपनी में मैनेजर थे। उनकी पत्नी स्मिता जोशी मंदसौर के गरोठ में नारकोटिक्स विभाग में एसपी हैं। बेटी आशी भोपाल में कॉलेज में पढ़ाई कर रही है।

मूल रूप से हरदा के रहने वाले निशांत जोशी पिछले 30 साल से इंदौर के राजेंद्र नगर रेती मंडी में रह रहे थे। वे 22 जून को दोपहर करीब 1 बजे घर से दफ्तर जाने का कहकर निकले थे। रात करीब साढ़े 11 बजे मंडलेश्वर पुलिस को नर्मदा पुल पर कार लावारिस खड़ी मिली थी। गाड़ी में मिले दस्तावेजों के आधार पर पुलिस ने इंदौर में उनके परिजन को सूचना दी। इसके बाद मंगलवार सुबह परिजन ने मंडलेश्वर थाने पहुंचकर उनकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। परिवार के मुताबिक, निशांत पिछले कुछ समय से मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे थे। उनका इलाज चल रहा था। शव मिलने के बाद उनकी पत्नी स्मिता जोशी, बेटी आशी, चचेरे भाई डॉ. विवेक जोशी और उनके मित्र आशीष गंगराड़े मंडलेश्वर पहुंचे।

**36 घंटे सर्चिंग के बाद नदी से निकाला**
**नारकोटिक्स एसपी पत्नी-बेटी से अलग रहते थे**



### नोट में लिखा- भैया, बेटी अब आपकी जिम्मेदारी

निशांत की कार की तलाशी लेने पर पुलिस को लाल रंग का बैग मिला, जिसमें कपड़े और दवाइयां रखी थीं। कार से नोट भी बरामद हुआ है, जिसमें पारिवारिक जिम्मेदारियों का जिक्र किया गया है। इसमें लिखा है- डियर विवेक भैया, आशी मेंटली, फिजिकली, फायनेंसियली आपकी और भाभी की जिम्मेदारी।

### पहले भी घर छोड़कर जा चुके हैं निशांत

परिजन के अनुसार, निशांत पहले भी घर छोड़कर जा चुके थे। वे काफी समय से मानसिक अवसाद से जूझ रहा थे। चचेरे भाई डॉ. विवेक जोशी की देखरेख में उनका इलाज चल रहा था। डॉ. विवेक जोशी शेल्बी हॉस्पिटल से जुड़े हैं और विजय नगर स्थित स्कीम नंबर 54 में रहते हैं। निशांत के दोस्त आशीष गंगराड़े ने कहा- उन्होंने पहले भी आत्महत्या करने की कोशिश की थी। सोमवार को 8 बजे से 8:30 बजे तक हम संपर्क में थे। मुझे उनकी बातों से ये नहीं लगा कि वे ऐसा कोई कदम उठा सकते हैं।

### कंपनी की कार में सफर करते थे निशांत

- थाना प्रभारी पंकज तिवारी ने बताया कि निशांत जिस कार में सफर कर रहे थे, वह उनकी कंपनी के मालिक शैलेंद्र भंडारी के नाम पर रजिस्टर्ड है। शैलेंद्र भंडारी मूल रूप से मंदसौर के निवासी हैं। इस कार का नियमित उपयोग निशांत ही करते थे। उनके साथ एक ड्राइवर भी रहता था, लेकिन सोमवार को वे बिना ड्राइवर के ही निकले थे।
- निशांत जोशी हैवनॉल पेट्रोकेमिकल कंपनी के अधिकांश फील्ड वर्क संभालते थे। उनका कार्यक्षेत्र धामनोद से लेकर महेश्वर तक फैला हुआ था। तिवारी ने बताया कि मंडलेश्वर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पोस्टमॉर्टम कराने के बाद शाम करीब साढ़े 5 बजे शव परिजन को सौंप दिया गया। जिसे लेकर परिजन हरदा रवाना हो गए हैं, जहां गुरुवार सुबह उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

---

खिताब जीतने के बाद पहली बार पहुँची इन्दौर एयरपोर्ट पर हुआ भव्य स्वागत

# मिस यूनिवर्स इंडिया फाइनलिस्ट के रूप में इंदौर की बेटी श्रेया बेड़िया का चयन

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर की मूल निवासी श्रेया बेड़िया मिस यूनीवर्स इंडिया में बतौर फाइनलिस्ट अपनी जगह बनाने के बाद पहलीबार इंदौर पहुँची । एयरपोर्ट पर ही श्रेया के प्रशंषको ने उनका भव्य स्वागत किया। फूल माला,ढोल ताशा व नगारो के साथ सैकड़ो इंदौर वासियो ने गर्मजोशी के साथ मध्यप्रदेश की बेटी का भव्य स्वागत किया।

श्रेया ने बहुत ही कम उम्र में बड़ी सफलता हासिल की है। मिस यूनिवर्स इंडिया 2026 में बतौर फाइनलिस्ट अपनी जगह बनाने के बाद श्रेया अब दिल्ली में होने वाली विश्व स्तरीय सौंदर्य प्रतियोगिता मिस यूनिवर्स इंडिया 2026 में भाग लेगी। इंदौर से पढ़ाई लिखाई करने के बाद श्रेया की रुचि मॉडलिंग की ओर बढ़ी और दिल्ली की ओर रुख किया और एक सफल मॉडल के रूप में आज विश्व भर में प्रसिद्ध हैं।

इंदौर स्थित गुमाश्ता नगर के मूल निवासी गोविंद बेड़िया व नीलम बेड़िया की बेटी श्रेया बेड़िया खिताब जीतने के बाद पहलीबार इंदौर पहुची श्रेया भावुक थी और उन्होंने इसे जिंदगी का बेहतरीन पल बताया है। अपने मीडिया संबोधन में श्रेया ने कहा खिताब जीतने के बाद आज पहलीबार इंदौर आयी हूँ ये क्षण काफी भावुक करने वाला है। राष्ट्रीय मंच पर बड़ी जिम्मेदारी के साथ उतरना व परफॉर्म करना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है ये एक जिम्मेदारी का एहसास कराता है। ये तो बस एक शुरूआत है आगे अभी और भी मेहनत करना है अपने माता पिता व देश का नाम रौशन करना है। आगे कहती हैं छोटे शहरों से आने वाले युवाओं के लिए कोई भी सपना असंभव नहीं होता,यदि उसे साहस और निरंतर प्रयास के साथ पूरा किया जाए। मिस यूनिवर्स इंडिया के ऑनर निखिल आनंद ने मीडिया संबोधन में कहा कि मध्यप्रदेश राज्य ऑडिशन के विजेता को मिस यूनिवर्स इंडिया 2026 में सीधे प्रवेश मिलेगा। ये ऑडिशन युवा महिलाओं को उनके करियर में आगे बढ़ने के लिए एक असाधारण मंच प्रदान करेगा। आपको बता दें कि इंदौर की रहनेवाली श्रेया बेड़िया वाइल्ड कार्ड के जरिए बतौर फाइनलिस्ट अपनी जगह बनाई है। मिस यूनिवर्स इंडिया प्रदेश की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच पर चमकने और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हुनर चमकाने का अवसर देता है।





### दुनिया की सबसे बड़ी और प्रतिष्ठित सौंदर्य प्रतियोगिता

मिस यूनिवर्स इंडिया के नेशनल पीआर डायरेक्टर सर्वेश कश्यप ने कहा कि यह दुनिया की सबसे बड़ी और प्रतिष्ठित सौंदर्य प्रतियोगिता है। इस प्रतियोगिता में ही सुष्मिता सेन (1994) और लारा दत्ता (2000) मिस यूनिवर्स खिताब हासिल कर दुनियाभर में अपनी एक खास पहचान बना चुकी हैं। इन महिलाओं ने न सिर्फ सुंदरता का प्रतिनिधित्व किया है,बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में नाम कमाते हुए अपनी एक अलग पहचान बनाई है।

---

गैस पाइपलाइन ब्लास्ट मामले में हाईकोर्ट सख्त

## घायलों से इलाज का कोई खर्च नहीं वसूला जाएगा, राज्य सरकार से मांगा जवाब



ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

विजय नगर क्षेत्र में मंगलवार को गैस पाइपलाइन ब्लास्ट की घटना को लेकर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने गंभीर रुख अपनाया है। बुधवार को मामले की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने निर्देश दिया कि हादसे में झुलसे किसी भी घायल से इलाज का खर्च नहीं लिया जाएगा। साथ ही संबंधित पक्षों को मामले में जवाब प्रस्तुत करने के लिए समय दिया है।

जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता और एडवोकेट ऋतेश इनानी ने कोर्ट को बताया कि विजय नगर क्षेत्र में अवैध बोरिंग के दौरान गैस पाइप लाइन में विस्फोट हुआ, जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से झुलस गए। याचिका में यह भी कहा है कि घायलों का समुचित उपचार नहीं हो रहा है तथा उन्हें इलाज का खर्च स्वयं वहन करना पड़ रहा है।

मामले की सुनवाई जस्टिस सुबोध अभ्यंकर और जस्टिस जय कुमार पिल्लई की बेंच ने की। राज्य शासन की ओर से उपस्थित डिप्टी एडवोकेट जनरल ने मामले में निर्देश प्राप्त करने के लिए एक दिन का समय मांगा, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया।

**25 जून को होगी अगली सुनवाई-** हाईकोर्ट ने मामले को 25 जून को फिर से सुनवाई नियत की है । तब तक के लिए स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि हादसे में घायल व्यक्तियों से उपचार संबंधी किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाए।

---

## 7.45 करोड़ के मकान सौदे को लेकर धोखाधड़ी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में करोड़ों रुपए के संपत्ति सौदे को लेकर कथित धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पलासिया थाना पुलिस ने एक मकान के सौदे में अनियमितता और रकम वापस नहीं करने के आरोपों के आधार पर 20 जून को मिली शिकायत के बाद तीन लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

पलासिया पुलिस ने दिलीप वाधवानी की शिकायत पर श्रद्धा खंडेलवाल, पुनीत खंडेलवाल और बालकृष्ण खंडेलवाल के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 की धारा 318(4) और 3(5) के तहत एफआईआर दर्ज की है।

शिकायत के मुताबिक, साकेत नगर स्थित एक तीन मंजिला मकान का सौदा 7 करोड़ 45 लाख रुपए में तय हुआ था। आरोप है कि संपत्ति पर पहले से एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस का बड़ा ऋण बकाया होने के बावजूद आरोपियों ने ऋण मुक्त कर संपत्ति की रजिस्ट्री कराने का आश्वासन दिया था। फरियादी का कहना है कि सौदे के तहत बैंक आरटीजीएस और नकद भुगतान सहित करीब 1 करोड़ 90 लाख रुपए आरोपियों को दिए गए। इसके बावजूद तय समय-सीमा में न तो ऋण का निराकरण किया गया और न ही संपत्ति की रजिस्ट्री कराई गई। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि भुगतान की गई राशि वापस नहीं लौटाई गई।

**इंदौर में महिला सहित 3 पर एफआईआर, ऋण क्लियर कर रजिस्ट्री कराने का दिया आश्वासन**

---

## लव जिहाद केस में इंदौर हाईकोर्ट की दो टूक

### कहा- धर्म छिपाकर शादी की, पत्नी-बेटी का हक नहीं छीन सकते; 20 हजार रुपए महीना देने के आदेश

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर बेंच ने धार्मिक पहचान छिपाकर विवाह करने और बाद में उत्पीड़न के आरोपों से जुड़े एक मामले में बुधवार को महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट ने पति को पत्नी और नाबालिग पुत्री के भरण-पोषण के लिए 20 हजार रुपए प्रति माह देने का आदेश दिया है।

साथ ही कहा है कि केवल विवाह की वैधता पर सवाल खड़े कर किसी महिला को भरण-पोषण के अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता, विशेषकर तब जब उससे संतान भी उत्पन्न हुई हो।



याचिकाकर्ता महिला के एडवोकेट राजेश जोशी ने कोर्ट को बताया कि कोरोना काल में 23 फरवरी 2020 को एक मंदिर में विवाह हुआ था। युवक ने स्वयं को हिंदू बताकर उसकी मांग में सिंदूर भरकर विवाह किया। बाद में दस्तावेजों से उसकी वास्तविक पहचान सामने आई।

गर्भावस्था के दौरान जून 2020 में महिला को युवक की धार्मिक पहचान की जानकारी मिली। विरोध करने पर मारपीट और धमकी देने जैसी घटनाएं हुईं। धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया गया। मामले में महिला की शिकायत पर इंदौर के द्वारकापुरी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भादंवि और मध्य प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम, 2021 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था।

---

इंदौर की डायमंड कॉलोनी में हुआ था हमला, घायल किसी को पहचानते तक नहीं

# पुलिसकर्मियों पर हमले में एफआईआर, आरोपियों की तलाश जारी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

कनाड़िया थाना क्षेत्र की डायमंड कॉलोनी में रविवार रात दो पुलिसकर्मियों के साथ करीब 8 से 10 लोगों ने मारपीट कर दी थी। इस हमले में एक सिपाही के सिर में 8 और दूसरे के सिर में 18 टांके आए। मामला वरिष्ठ अधिकारियों और मीडिया तक पहुंचने के बाद पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर एफआईआर दर्ज की गई।

कनाड़िया थाने में सिपाही विजय सिंह सिकरवार की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। उनके साथ सिपाही आशीष शर्मा भी ड्यूटी पर थे।




एफआईआर के अनुसार दोनों पुलिसकर्मी विवाद की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे थे। वहां स्थानीय रहवासियों और संयम इंफ्रा नामक कंपनी के लोगों के बीच जमीन को लेकर विवाद चल रहा था।

**बीच-बचाव के दौरान हमला-** विजय सिंह और आशीष शर्मा ने दोनों पक्षों को अलग करने का प्रयास किया। इसी दौरान 8 से 10 लोगों ने उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और पत्थर फेंककर हमला कर दिया। हमले में दोनों पुलिसकर्मियों के सिर फट गए। आरोप है कि इसी दौरान किसी व्यक्ति ने पीछे से आकर आशीष शर्मा के सिर पर डंडा भी मार दिया। दोनों पुलिसकर्मी किसी तरह मौके से निकलकर नजदीकी अस्पताल पहुंचे और उपचार कराया।

### आरोपियों की पहचान नहीं

पुलिसकर्मियों ने अपनी शिकायत में बताया है कि वे हमलावरों को नहीं पहचानते। हालांकि, सामने आने पर उन्हें पहचानने की बात कही है।

### ऑडियो रिकॉर्डिंग भी चर्चा में

सूत्रों के मुताबिक मोहसिन खान और एक पुलिसकर्मी के बीच कथित बातचीत की कुछ ऑडियो रिकॉर्डिंग भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। हालांकि पुलिस ने इस संबंध में कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और हमलावरों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### सीसीटीवी, डीवीआर और वीडियो जब्त

घटना के बाद कनाड़िया पुलिस ने मौके से सीसीटीवी की डीवीआर जब्त कर ली है। वहीं पुलिसकर्मियों द्वारा बनाए गए कुछ मोबाइल वीडियो भी हटाए जाने की चर्चा है। पुलिस इस संबंध में भी जांच कर रही है।

### जमीन विवाद से जुड़ा मामला

जानकारी के अनुसार पूरा विवाद करीब 17 एकड़ जमीन को लेकर बताया जा रहा है, जिसकी कीमत लगभग 500 करोड़ रुपए बताई जा रही है। मामले में पहले मोहसिन खान नाम के व्यक्ति का नाम भी सामने आया था। बताया जाता है कि घटना के समय वह मौके पर मौजूद था। बाद में वरिष्ठ अधिकारियों ने उसे वहां से हटाया था।

# मध्यप्रदेश के 46 जिलों में तेज आंधी-बारिश का अलर्ट

### बाकी हिस्से को 2-3 दिन में कवर करेगा मानसून; ग्वालियर-चंबल सबसे आखिरी में पहुंचेगा



मध्य प्रदेश में दक्षिण-पूर्वी हिस्से के 15 जिलों में मानसून की एंट्री हो गई है। प्रदेश के बाकी हिस्सों को अगले 2 से 3 दिन में मानसून कवर कर लेगा। मौसम विभाग के अनुसार-गुरुवार को प्रदेश के 46 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट है। सीधी में लू भी चल सकती है। जबकि नीमच, मंदसौर, ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, रीवा और सिंगरौली में उमस-गर्मी वाला मौसम रहेगा।

दूसरी ओर, भोपाल, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, विदिशा, इंदौर, झाबुआ, आलीराजपुर, धार, बुरहानपुर, बड़वानी, खंडवा, खरगोन, उज्जैन, रतलाम, आगर-मालवा, शाजापुर, देवास, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, जबलपुर, कटनी, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडोरी, सतना, सीधी, मऊगंज, मैहर, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, सागर, पन्ना, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी में 40 से 60 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी के साथ बारिश होने का अनुमान है। आलीराजपुर, इंदौर, हरदा, धार, बैतूल, खंडवा, बुरहानपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, खरगोन, सिवनी, बालाघाट, मंडला, बड़वानी, डिंडौरी में मानसून के आने की घोषणा हो चुकी है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अगले दो से चार दिन के अंदर मानसून पूरे प्रदेश में छा जाएगा। यह सबसे आखिरी में ग्वालियर-चंबल में मानसून पहुंचेगा।

### 9 दिन लेट हो गया मानसून

एमपी में मानसून की एंट्री की सामान्य तारीख 15 जून है, लेकिन इस बार यह 9 दिन लेट यानी, 24 जून को प्रदेश में आया। मानसून आ गया है? इसका आंकलन कैसे होता है? यह मौसम वैज्ञानिक अरुण कुमार से जाना। उन्होंने बताया कि छिंदवाड़ा में पिछले 24 घंटे में 75 मिमी यानी, 3 इंच बारिश हो गई। सीमा से जुड़े जिलों में भी लगातार बारिश का दौर जारी रहा। कई जिलों में पर्याप्त बारिश हुई और दक्षिण-पश्चिम से नमी वाली मानसूनी हवाएं भी आईं।

# मंडी शुल्क वृद्धि का विरोध, बंद रही कृषि उपज मंडी, व्यापारी बोले-हम भाजपा के समर्थक, फिर भी परेशान

ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम



मध्यप्रदेश शासन द्वारा मंडी शुल्क में की गई वृद्धि के विरोध में मंगलवार को रतलाम कृषि उपज मंडी बंद रही। अनाज, दलहन एवं तिलहन व्यापारी महासंघ के प्रदेशव्यापी आव्हान पर सभी व्यापारी संगठनों ने एक दिवसीय बंद को पूर्ण समर्थन दिया। इसके चलते मंडी में नीलामी एवं खरीदी का कार्य पूरी तरह बंद रहा।

बंद के दौरान सभी व्यापारी मंडी प्रांगण में एकत्रित हुए। नारेबाजी कर सीएम के नाम ज्ञापन मंडी भारसाधक अधिकारी एवं एसडीएम तरुण जैन को सौंपा। व्यापारियों के साथ किसान कांग्रेस नेताओं ने बंद का समर्थन कर मंडी गेट के बाहर नारेबाजी की। किसान नेता डीपी धाकड़ ने कहा कि भाजपा सरकार व्यापारियों से लेकर किसानों पर अन्याय कर रही है। मंडी शुल्क बड़ा कर सभी पर आर्थिक भार डाल रही है। जिसे सहन नहीं किया जाएगा।अलग से ज्ञापन एसडीएम जैन को सौंपा। मंडी गेट के बाहर प्रदर्शन में किसान नेता व जिला पंचायत सदस्य डीपी धाकड़, किसान नेता राजेश पुरोहित आदि मौजूद रहे।

दि ग्रेन एंड सीड्स मर्चेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेंद्र चत्तर ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा मंडी शुल्क को 1 प्रतिशत से बढ़ाकर 1.5 प्रतिशत कर दिया गया है। इस 0.5 प्रतिशत वृद्धि से व्यापारियों एवं किसानों दोनों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। हमारी सरकार है। फिर भी हमें आंदोलन करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि व्यापारी वर्ग सदैव भाजपा का समर्थक रहा है और सरकार को व्यापारियों एवं किसानों की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए।

व्यापारियों ने मंडी बोर्ड के अधिकारियों पर आंदोलन को कमजोर करने के प्रयास का आरोप भी लगाया। व्यापारियों ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को गुमराह कर व्यापारियों, किसानों एवं आम नागरिकों पर यह अन्यायपूर्ण निर्णय थोपा गया है। अध्यक्ष सुरेंद्र चत्तर ने सीएम डॉ. मोहन यादव तथा एमएसएमई मंत्री चेतन्य काश्यप समेत सभी जनप्रतिनिधियों से मंडी शुल्क वृद्धि का निर्णय तत्काल वापस लेने की मांग की। ज्ञापन का वाचन दिलीप मेहता द्वारा किया गया।

इस अवसर पर दि ग्रेन एंड सीड्स मर्चेंट्स एसोसिएशन अध्यक्ष सुरेंद्र चत्तर एवं सचिव हितेश मेहता, रतलाम मंडी व्यापारी संघ अध्यक्ष राकेश लाठी एवं सचिव हितेश बाफना, मंडी व्यापारी युवा संघ के अध्यक्ष दिलीप मेहता एवं सचिव धर्मेंद्र माहेश्वरी, संघर्षशील लहसुन प्याज मंडी युवा व्यापारी संघ अध्यक्ष नीलेश बाफना एवं सचिव प्रकाश जाधव, श्री रत्नपुरी लहसुन प्याज मंडी व्यापारी संघ अध्यक्ष रितेश बाफना एवं सचिव पंकज अग्रवाल समेत कांतिलाल चौपड़ा, अभय सेठिया, वर्धमान बरड़िया, डॉ. बीएल मेहता आदि मौजूद रहे।

## आपातकाल दिवस पर भोपाल में कार्यक्रम:दो हजार मीसाबंदी परिवार होंगे शामिल

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

भोपाल के प्रतिष्ठित रवीन्द्र भवन में आपातकाल दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल होंगे। कार्यक्रम में लोकतंत्र सेनानी संघ के अध्यक्ष तपन भौमिक के साथ-साथ आपातकाल के दौरान जेल जाने वाले करीब दो हजार मीसाबंदी परिवारों के सदस्य शिरकत करेंगे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव स्वयं मीसाबंदियों तथा उनके परिजनों को मंच से सम्मानित करेंगे, जो लोकतंत्र की रक्षा के लिए उनके द्वारा किए गए संघर्ष और बलिदान के प्रति सरकार की कृतज्ञता को प्रकट करेगा।

### क्या है आपातकाल दिवस ?

आपातकाल दिवस भारतीय लोकतांत्रिक इतिहास के उस सबसे काले अध्याय की याद दिलाता है, जिसकी शुरूआत तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कार्यकाल के दौरान हुई थी। 25 जून 1975 की आधी रात को देश में आधिकारिक रूप से आपातकाल (इमरजेंसी) की घोषणा की गई थी, जो 21 महीनों तक यानी 21 मार्च 1977 तक लागू रही।

## खबर एक नजर...

### सागर में दिनदहाड़े चोरी, भोपाल के 3 आरोपी गिरफ्तार

**सागर।** सागर की सिविल लाइन थाना पुलिस ने एमआईजी कॉलोनी के एक सूने मकान में दिनदहाड़े चोरी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। भोपाल के रहने वाले ये तीनों चोर वारदात को अंजाम देने के लिए खास तौर पर सागर आए थे। पुलिस ने इनके कब्जे से सोने-चांदी के आभूषण जब्त कर लिए हैं और न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई कर रही है। फरियादिया कल्पना रावत ने 23 जनवरी को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने पुलिस को बताया था कि वह सुबह घर में ताला लगाकर अपने बेटे राजा रावत को इलाज के लिए अस्पताल ले गई थीं। दोपहर करीब 12:30 बजे जब वे वापस लौटीं, तो घर के बाहर एक युवक बाइक लेकर खड़ा था। इसी दौरान दो अन्य युवक घर की बाउंड्रीवाल कूदकर भागते हुए नजर आए। बेटे राजा ने जब दौड़कर उन्हें पकड़ने की कोशिश की, तो एक बदमाश ने उसे चाकू दिखाकर डरा दिया और सभी मौके से फरार हो गए।

### 8 लाख का ट्रैक्टर बरामद, चश्मा पहनकर घूमता था आरोपी

**गुना ।** गुना जिले की मधुसूदनगढ़ थाना पुलिस ने 8 लाख रुपए कीमत के ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी का खुलासा किया है। पुलिस ने 20 साल के आरोपी जितेन्द्र अहिरवार को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी गया ट्रैक्टर-ट्रॉली बरामद कर लिया है। आरोपी ने 25 मई की रात एक घर के बाहर से वारदात को अंजाम दिया था और किसी को शक न हो, इसलिए वह चश्मा पहनकर घूमता था। मूल रूप से ग्राम बुढ़ना और हाल मुकाम गणेशपुरा (मधुसूदनगढ़) निवासी बने सिंह लोधी ने 7 जून को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने पुलिस को बताया था कि 25 मई की रात उन्होंने अपना आयशर 485 ट्रैक्टर ट्रॉली सहित घर के बाहर खड़ा किया था। 25-26 मई की दरमियानी रात किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनका ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी कर लिया। फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी।

### ऑडिट में 108 एंबुलेंस सेवा की कमियां उजागर

**नरसिंहपुर।** नरसिंहपुर में 108 और जननी एंबुलेंस सेवाओं की वास्तविक स्थिति विशेष ऑडिट में सामने आई है। बुधवार रात में स्वास्थ्य विभाग के किए गए निरीक्षण में कई गंभीर खामियां उजागर हुई हैं। जिससे आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। जांच में पता चला कि कई एंबुलेंस बिना पर्याप्त रखरखाव के चल रही हैं और उनमें मरीजों के लिए आवश्यक संसाधनों की कमी है। अपर संचालक के निर्देश पर सीएमएचओ डॉ. मनीष मिश्रा के नेतृत्व में चार सदस्यीय टीम ने अब तक लगभग आठ एंबुलेंसों का निरीक्षण किया है। ऑडिट के दौरान कई वाहनों में दवाइयां, ऑक्सीजन सिलेंडर, स्टेपनी और अलार्म जैसी आवश्यक सुविधाएं नहीं पाई गईं। कुछ एंबुलेंसों के शॉक एब्जॉर्बर भी खराब मिले, जिससे वे अक्सर रास्ते में खराब हो जाती हैं और मरीजों तक पहुंचने में देरी होती है।

### पुलिस से धक्का-मुक्की, अधिकारी पीछे दौड़े पर रोक नहीं पाए

**रतलाम ।** रतलाम में खाद, बीज, बिजली और ग्रामीण समस्याओं को लेकर भारत आदिवासी पार्टी ने बुधवार को रतलाम में जोरदार प्रदर्शन किया। सैलाना विधायक कमलेश्वर डोडियार करीब 800 से 1000 समर्थकों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचने निकले। प्रशासन ने उन्हें शहर के बाहर बंजली बायपास पर रोकने की कोशिश की, लेकिन विधायक समर्थकों के साथ अधिकारियों को चकमा देकर पैदल ही शहर में दाखिल हो गए। दोपहर 2 बजे शुरू हुआ प्रदर्शन शाम 5 बजे जाकर खत्म हुआ। भारत आदिवासी पार्टी के बैनर तले हुए इस शक्ति प्रदर्शन में सैलाना विधानसभा क्षेत्र से 15 से 20 वाहनों में कार्यकर्ता पहुंचे थे।

# जहां काम नहीं, वहां करोड़ों के भुगतान की तैयारी, मौके पर कुछ नहीं, फाइलों में विकास

ब्रह्मास्त्र ›› मुरैना




मुरैना जिले की पोरसा जनपद पंचायत एक बार फिर सवालों के घेरे में है। यहां मनरेगा और अन्य ग्रामीण विकास कार्यों के नाम पर करोड़ों रुपए के भुगतान की तैयारी हो चुकी है, लेकिन पंचायतों में जमीनी हकीकत सरकारी रिकॉर्ड से बिल्कुल अलग नजर आ रही है। दस्तावेजों में करोड़ों रुपए के निर्माण कार्य पूरे बताए गए हैं, वहीं कई स्थानों पर काम या तो अधूरा मिला या फिर उसका अस्तित्व ही दिखाई नहीं दिया।

मामला पोरसा जनपद की तीन पंचायतों कुरैठा, रायपुर और धोर्रा से जुड़ा है। इन पंचायतों में कुल 5 करोड़ 43 लाख 76 हजार 633 रुपए के भुगतान की प्रक्रिया अंतिम चरण में बताई जा रही है। लेखपाल, उपलेखपाल और अन्य स्तरों से फाइलें आगे बढ़ चुकी हैं। अब केवल जनपद सीईओ के डिजिटल हस्ताक्षर के बाद भुगतान होना शेष है।

### कुरैठा पंचायतः 2.47 करोड़ के भुगतान से पहले सवाल

करीब 8 हजार आबादी वाली कुरैठा पंचायत में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 2 करोड़ 47 लाख 70 हजार 930 रुपए के भुगतान की तैयारी है। पंचायत में लगभग 20 लाख रुपए की लागत से बनाए गए रपटे की उपयोगिता पर ग्रामीण सवाल उठा रहे हैं। उनका कहना है कि इस मार्ग का उपयोग सीमित है और अधिकांश लोग आज भी वैकल्पिक कच्चे रास्ते से ही आवागमन करते हैं। सबसे गंभीर मामला वाटरशेड योजना के तहत बनाए गए स्टॉप डेमों का सामने आया है। निरीक्षण के दौरान एक ही कच्ची संरचना के सहारे चार अलग-अलग स्टॉप डेम दर्शाए जाने की बात सामने आई। प्रत्येक स्टॉप डेम की लागत करीब 14 लाख रुपए बताई गई है। यदि जांच में यह तथ्य सही पाया जाता है तो एक ही संरचना को अलग-अलग कार्य बताकर भुगतान की प्रक्रिया तैयार किए जाने का मामला बन सकता है।

पंचायत में कुल 1160 सक्रिय जॉब कार्ड दर्ज हैं। स्थानीय स्तर पर मिली जानकारी के अनुसार इनमें से करीब 700 जॉब कार्ड संदिग्ध बताए जा रहे हैं। इन कार्डधारकों के पते उत्तर प्रदेश, राजस्थान, झांसी, ग्वालियर और भिंड सहित अन्य क्षेत्रों के बताए जा रहे हैं। जिन स्थानों पर मजदूरों की उपस्थिति दर्ज थी, वहां मजदूर काम करते नहीं मिले। इससे मस्टर रोल और वास्तविक कार्य के बीच अंतर की आशंका और मजबूत होती है।



# सराफा कारोबारी बाप-बेटे ने 14 लोगों से ठगे ढाई करोड़, गिरवी के बहाने हड़पे

ब्रह्मास्त्र ›› ग्वालियर

सराफा कारोबारी पिता-पुत्र की ठगी के शिकार लोग लगातार सामने आ रहे हैं। इन्होंने व्यापारियों, किसानों और आम लोगों का भरोसा जीतकर करोड़ों के गहने और नकदी हड़पी है। ये शहर के कुशवाह मार्केट (डीडी नगर) में वैष्णो ज्वेलर्स के नाम से दुकान चलाते थे।

सबसे पहले इन्होंने एक प्रॉपर्टी कारोबारी मान सिंह गुर्जर से 80 लाख रुपए का सोना ठगा। 4 जून को एफआईआर हुई। 2 दिन बाद 6 जून को आरोपियों को मेरठ से गिरफ्तार कर लिया गया। उनके कब्जे से 1.50 करोड़ रुपए के 971 ग्राम सोने के जेवरात भी मिले।

इसके बाद तीन किसानों अनूप, दिनेश और धर्मेंद्र गुर्जर ने एफआईआर दर्ज कराई। जैसे ही लोगों को पिता-पुत्र की करतूत पता चली, 8 जून को एक साथ 10 नए फरियादी महाराजपुरा थाने पहुंच गए। पीड़ितों की संख्या 14 से अधिक हो गई है। जैसे-जैसे लोग सामने आते जा रहे हैं, जांच के बाद पुलिस एफआईआर दर्ज कर रही है। अब तक की जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने करीब 1.50 करोड़ की ज्वेलरी और 1 करोड़ की ठगी की है। पूछताछ में आरोपियों ने कबूला कि वे घर बेच चुके हैं। धीरे-धीरे कारोबार समेटने की तैयारी थी। दुकान खाली कर ली थी। कारोबार बंद कर चोरी छिपे मेरठ में शिफ्ट होने जा रहे थे। उन्होंने हॉल मार्किंग, पॉलिश और गिरवी रखने के नाम पर गोल्ड और रुपए ऐंठने की बात कबूल की है। दोनों को अनुमान था कि ग्वालियर से फरार होने के बाद कोई उन्हें आसानी से ढूंढ नहीं पाएगा। कुछ साल मेरठ में गुजारने के बाद किसी और राज्य में शिफ्ट हो जाएंगे।

# पानी की बोतल के 175 रुपए वसूले, रेडिसन को लौटाने होंगे 8000 रुपए

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

60 रुपए एमआरपी वाली मिनरल वॉटर की बोतल के बदले 175 रुपए वसूलना भोपाल के एक होटल को महंगा पड़ गया।

जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग ने कहा कि होटल परिसर में एमआरपी से अधिक कीमत पर पानी बेचना नियमों के खिलाफ नहीं है, लेकिन उस कीमत पर अलग से जीएसटी वसूलना अनुचित है।

आयोग ने होटल को अतिरिक्त वसूले गए 10.80 रुपए लौटाने के साथ 5 हजार रुपए मानसिक प्रताड़ना और 3 हजार रुपए वाद व्यय के रूप में देने के निर्देश दिए हैं। मामला अप्रैल 2022 का है। रायसेन रोड निवासी हुकुम सिंह ठाकुर अपने चार साथियों के साथ होटल रेडिसन में बुफे डिनर के लिए गए थे। भोजन के दौरान उन्होंने मिनरल वॉटर की बोतल ली, जिसका एमआरपी 60 रुपए था, लेकिन बिल में इसके 175 रुपए जोड़ दिए गए। परिवादी ने आपत्ति जताई, लेकिन होटल प्रबंधन ने राशि वापस नहीं की। बाद में उपभोक्ता आयोग में परिवाद दायर किया गया। आयोग ने जून 2026 में सुनाए फैसले में माना कि 175 रुपए की कीमत में ही जीएसटी शामिल माना जाएगा। ऐसे में होटल द्वारा 18 प्रतिशत जीएसटी के रूप में अतिरिक्त 10.80 रुपए वसूलना सेवा में कमी और अनुचित व्यापार व्यवहार की श्रेणी में आता है। तय अवधि में भुगतान नहीं करने पर होटल को 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी देना होगा।

रायसेन रोड निवासी हुकुम सिंह ठाकुर अपने चार साथियों के साथ होटल रेडिसन में बुफे डिनर के लिए पहुंचे थे। जब बिल सामने आया तो कुल राशि 6809.88 रुपए थी, जिसमें एक पानी की बोतल के लिए 175 रुपए जोड़े गए थे, जबकि उसी बोतल पर अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) मात्र 60 रुपए अंकित था।

होटल प्रबंधन की ओर से यह तर्क रखा गया कि रेस्टोरेंट या होटल में दी जाने वाली वस्तुएं केवल उत्पाद नहीं होतीं, बल्कि उनके साथ कई प्रकार की सेवाएं भी शामिल होती हैं। इनमें एयर कंडीशनिंग, बैठने की सुविधा, लाउंज, संगीत, सर्विस और अन्य आतिथ्य सेवाएं शामिल हैं। इसी वजह से मेन्यू कार्ड में जो कीमतें लिखी होती हैं, वही लागू होती हैं और बोतल पर अंकित एमआरपी केवल रिटेल दुकानों के लिए होती है, न कि होटल में सर्व किए जाने के लिए।

# नहर पर पहले लाखों फूंके, अब 26 करोड़ और लगेंगे

## बरगी की नहर पर दोबारा किया जा रहा खर्च, किसानों का एनवीडीए पर लापरवाही का आरोप

ब्रह्मास्त्र ›› बरगी



बरगी की एक नहर के तट की 80 लाख रुपए में मरम्मत करवाई गई, अब उसी नहर पर दोबारा 26 करोड़ रुपए खर्च कर मरम्मत की जा रही है। बरगी दाई तट नहर का 27 मीटर हिस्सा फरवरी में कट गया था। एनवीडीए ने जल्दबाजी में 70 से 80 लाख रुपए खर्च कर मरम्मत कराई, लेकिन अब उसी क्षतिग्रस्त हिस्से को दुरुस्त करने के लिए 26.47 करोड़ रुपए की नर्रई एक्वाडक्ट परियोजना के तहत दोबारा काम कराया जा रहा है। किसानों का आरोप है कि पहली मरम्मत में गुणवत्ता की अनदेखी की गई और अब भी बिना निगरानी व परीक्षण के निर्माण कार्य कराया जा रहा है। बरगी दाई तट नहर का निर्माण वर्ष 2002 में करोड़ों रुपए खर्च कर जबलपुर, कटनी, सतना और रीवा जिलों तक सिंचाई का पानी पहुंचाने के लिए किया गया था। नहर के नियमित रखरखाव की जिम्मेदारी तय होने के बावजूद देखरेख के अभाव में इसका एक हिस्सा फरवरी में टूट गया। खरीफ सीजन को देखते हुए एनवीडीए ने आनन-फानन में 70 से 80 लाख रुपए खर्च कर मरम्मत कराई और कुछ दिनों तक एक लाइन से किसानों को पानी भी उपलब्ध कराया।

### फिर तोड़कर शुरू किया 26 करोड़ का काम

लाखों रुपए खर्च कर जिस हिस्से की मरम्मत कराई गई थी, उसे जून में दोबारा तोड़ दिया गया। एनवीडीए ने राइट बैंक कैनाल के नर्रई एक्वाडक्ट के मरम्मत और पुनर्वास कार्य के लिए 26.47 करोड़ रुपए का टेंडर जारी किया। परियोजना के तहत ट्रांजिशन स्ट्रक्चर, रिटेनिंग वॉल, क्लोज्ड बैरल, पाइल फाउंडेशन और अन्य आरसीसी संरचनाएं बनाई जा रही हैं। हालांकि किसानों का आरोप है कि निर्माण कार्य बिना पर्याप्त निगरानी, गुणवत्ता परीक्षण और तकनीकी मानकों के कराया जा रहा है, जिससे भविष्य में फिर हादसे की आशंका बनी हुई है।

### टर्नकी टेंडर से बढ़ी लागत, गुणवता पर उठे सवाल

जानकारों का कहना है कि नर्रई एक्वाडक्ट के मरम्मत कार्य को टर्नकी प्रोजेक्ट के रूप में स्वीकृति देकर इसकी लागत बढ़ा दी गई। आरोप है कि ट्रांजिशन स्ट्रक्चर क्षेत्र में करीब दो मीटर गहराई तक पीसीसी फाउंडेशन का निर्माण किया जा रहा है, लेकिन कार्य शुरू करने से पहले आवश्यक बेंचमार्क (स्थायी स्तर बिंदु) स्थापित नहीं किए गए। वहीं निर्माण सामग्री और कार्य की गुणवत्ता की निगरानी के लिए गुणवत्ता नियंत्रण इकाई द्वारा नियमित परीक्षण और सत्यापन भी नहीं कराया जा रहा है। तकनीकी विशेषज्ञों के मुताबिक सिंचाई परियोजनाओं में खुदाई की गहराई, संरचनाओं की ऊंचाई और स्तरों के सत्यापन के लिए बेंचमार्क स्थापित करना अनिवार्य होता है। टेंडर दस्तावेजों के अनुसार परियोजना में 168 मीटर लंबी रिटेनिंग वॉल व कैनाल बेड, दो क्लोज्ड बैरल, पाइल फाउंडेशन, स्लोप प्रोटेक्शन और लगभग 850 मीटर लंबी संपर्क सड़क का निर्माण प्रस्तावित है। ऐसे में 26.47 करोड़ रुपए की परियोजना में गुणवत्ता नियंत्रण व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।



# जया बच्चन ने सरेआम बहू कहा:कपूर खानदान की पहली एक्ट्रेस करिश्मा कपूर

90 के दशक में बॉलीवुड पर राज करने वालीं करिश्मा कपूर आज 52 साल की हो चुकी हैं। 65 से ज्यादा फिल्मों और अनगिनत हिट्स के दम पर सुपरस्टार बनीं करिश्मा को कपूर खानदान की रीत बदलने का क्रेडिट भी दिया जाता है। उनसे पहले कपूर खानदान की महिलाओं पर फिल्मों से जुड़ने पर पाबंदी थी।

करिश्मा की कहानी सिर्फ स्टारडम की नहीं, बल्कि अधूरे रिश्तों और विवादों की भी है। कभी अक्षय खन्ना उनसे शादी करना चाहते थे। उनके पिता विनोद खन्ना ने रिश्ता भी भिजवाया, लेकिन करिश्मा की मां बबीता ने रिश्ता ठुकरा दिया। कहा जाता है कि यही वजह है कि अक्षय ने कभी शादी नहीं की। आगे अभिषेक से उनकी शादी तय हुई और जया बच्चन ने सार्वजनिक मंच पर उन्हें बहू कहकर मीडिया के सामने इंट्रोड्यूस किया, लेकिन ये शादी भी चर्चा में रहने के बावजूद टूट गई। करिश्मा ने 2003 में बचपन के दोस्त संजय कपूर से शादी की। हालांकि बाद में ये शादी विवादों में बदल गई। करिश्मा ने दावा किया कि हनीमून में पति संजय ने दोस्तों से उनकी बोली लगवाई। करिश्मा ने मारपीट, दहेज प्रताड़ना और टॉर्चर का आरोप लगाते हुए पति से तलाक लिया, लेकिन पूर्व पति की मौत के बाद ये रिश्ता फिर चर्चा में आ गया और आज भी उनकी 3200 करोड़ की प्रॉपर्टी पर कानूनी विवाद जारी है।

5 जून 1974 को करिश्मा कपूर का जन्म हिंदी सिनेमा के सबसे प्रतिष्ठित परिवार के एक्टर रणधीर कपूर और एक्ट्रेस बबीता के घर हुआ। उनकी पैदाइश पर पूरा कपूर खानदान ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल पहुंचा, लेकिन दादा शो मैन राज कपूर नहीं आए। उन्होंने साफ कहा, ह्यबच्ची को देखने तब ही जाऊंगा, जब उसकी आंखें नीली हों। खुशकिस्मती से करिश्मा की आंखें गहरी नीली रहीं, हूबहू दादाजी की तरह।

## पिता चाहते थे अक्षय खन्ना से हो करिश्मा की शादी

करिश्मा कपूर करियर के पीक पर थीं, जब उनके पिता रणधीर कपूर ने दोस्त विनोद खन्ना से कहा था कि वो चाहते हैं कि करिश्मा की शादी उनके बेटे अक्षय खन्ना से हो। विनोद खन्ना भी इस पर विचार कर रहे थे कि तभी बबीता ने इससे साफ इनकार कर दिया।

## अभिषेक बच्चन को जीजू कहती थीं करीना कपूर

कपूर और बच्चन परिवार हमेशा से ही करीबी रहा है। दरअसल, अमिताभ बच्चन की बेटी और अभिषेक बच्चन की बहन श्वेता की शादी, करिश्मा कपूर की बुआ ऋतु नंदा के बेटे निखिल नंदा से हुई। श्वेता-निखिल की शादी के कुछ समय बाद ही करिश्मा कपूर और अभिषेक की दोस्ती बढ़ गई और दोनों एक-दूसरे को पसंद करने लगे। तब अभिषेक फिल्मों में नहीं आए थे। दोनों परिवारों को भी इस रिश्ते से ऐतराज नहीं था। दोनों रिलेशनशिप में थे, जब अभिषेक को करिश्मा की बहन करीना के साथ डेब्यू फिल्म रिफ्यूजी मिल गई। सेट पर करीना अभिषेक को जीजू बुलाया करती थीं।





# अक्षय कुमार बोले- हिट-फ्लॉप बाद की बात

फिल्म ह्यवेलकम टू द जंगलह्न सिर्फ मल्टीस्टारर फिल्म नहीं, बल्कि कलाकारों के लिए यादों और रिश्तों का सफर भी रही। दैनिक भास्कर से बातचीत में अक्षय कुमार और सुनील शेट्टी ने फिल्म से जुड़े किस्से साझा किए। अक्षय ने बताया कि बड़े स्टारकास्ट के साथ काम करना पिकनिक जैसा अनुभव था, जहां शूटिंग के साथ मस्ती भी हुई। सुनील शेट्टी ने कहा कि इतने कलाकारों के साथ फिल्म बनाना आसान नहीं था, लेकिन टीम ने इसे खास बनाया। दोनों ने माना कि फिल्म खत्म होने के बाद एक-दूसरे का साथ याद आएगा। सबसे बड़ी वजह यह थी कि फिल्म की कहानी नीरज वोरा ने लिखी थी। हमारे उनके साथ पुराने रिश्ते रहे हैं और हमने उनकी कई स्क्रिप्ट्स पर काम किया है। मैंने उनके साथ करीब आठ-नौ फिल्में की हैं और अन्ना (सुनील शेट्टी) ने भी कई फिल्में की हैं। दूसरी वजह यह थी कि कहानी हम सबको पसंद आई। यह फिरोज नाडियाडवाला की फिल्म थी और मैं करीब 11-12 साल बाद उनके साथ काम कर रहा था। इसके अलावा इतने कलाकारों का एक साथ फिल्म में काम करना आजकल कम देखने को मिलता है।

# अनिल रस्तोगी की सफाई- मेरी उम्र की वजह से चूक हुई

**लखनऊ के रहने वाले 82 साल के रिटायर्ड साइंटिस्ट और सीनियर एक्टर अनिल कुमार रस्तोगी को मंगलवार को पद्मश्री पुरस्कार मिला। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें सम्मानित किया।**



अनिल कुमार रस्तोगी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। जिसमें दावा किया गया कि पद्म पुरस्कार समारोह के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नजरअंदाज कर दिया। हालांकि, इस वीडियो को लेकर अनिल कुमार रस्तोगी ने सफाई देते हुए कहा कि उनकी उम्र की वजह से यह चूक हो गई। दरअसल, वीडियो में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से अनिल रस्तोगी सम्मान लेने के लिए मंच की ओर जाते दिखाई देते हैं। इसी दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनकी ओर हाथ बढ़ाते हैं, लेकिन रस्तोगी हैंडशेक किए बिना आगे बढ़ जाते हैं। इस वीडियो के सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर कई तरह की प्रतिक्रियाएं आईं। कुछ यूजर्स ने इसे पीएम मोदी को इग्नोर करना बताया।

## वीडियो वायरल होने पर सफाई दी

वीडियो वायरल होने के बाद अनिल रस्तोगी ने खुद सोशल मीडिया पर सफाई दी। एक पोस्ट पर रिप्लाई करते हुए उन्होंने लिखा, ₹जो लोग मजाक बना रहे हैं, उनसे कहना चाहता हूं कि मेरी उम्र 80 साल से ज्यादा है। यह मेरी उम्र की वजह से हुई एक चूक थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए मेरे मन में बहुत सम्मान है और मेरा मानना है कि देश का नेतृत्व करने के लिए वह सबसे बेहतर विकल्प हैं।₹

## कौन हैं अनिल रस्तोगी?


डॉ. अनिल कुमार रस्तोगी थिएटर और फिल्मों की दुनिया का जाना-पहचाना नाम हैं। उन्होंने कई फिल्मों में अभिनय किया है और वैज्ञानिक के रूप में भी काम किया है। वे सीएसआईआर के प्रतिष्ठित संस्थान सीडीआरआई, लखनऊ में बायोकेमेस्ट्री विभाग के प्रमुख (हेड) रह चुके हैं और एक वैज्ञानिक के रूप में भी लंबी सेवा दे चुके हैं। फिल्मी करियर की बात करें तो अनिल कुमार रस्तोगी 'इश्कजादे', 'मुल्क', 'रेड' और 'थप्पड़' जैसी 75 से अधिक फिल्मों में एक्टिंग कर चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने 14 वेब सीरीज और विभिन्न टीवी धारावाहिकों के करीब 500 एपिसोड में काम किया है। वे 99 नाटकों के लगभग एक हजार मंचन कर चुके हैं।

# सलमान खान निभा सकते हैं कर्ण का किरदार





सलमान खान एक बड़े बजट की पीरियड फिल्म में नजर आ सकते हैं। सलमान फिल्म में महाभारत के प्रमुख पात्र कर्ण का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक, इस फिल्म का डायरेक्शन नेशनल अवॉर्ड विनर डायरेक्टर राकेश ओमप्रकाश मेहरा करेंगे, जबकि इसे फरहान अख्तर की एक्सेल एंटरटेनमेंट प्रोड्यूस करेगी। रिपोर्ट के अनुसार, सलमान ने फिल्म की स्क्रिप्ट सुनी और तुरंत इसके लिए हामी भर दी। इस रोल के लिए सलमान अपने लुक में बड़ा बदलाव करेंगे। फिल्म को राकेश ओमप्रकाश मेहरा, एक्सेल एंटरटेनमेंट और सलमान खान का अहम प्रोजेक्ट बताया जा रहा है। हालांकि, फिल्म को लेकर अभी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। सलमान की अगली थिएटर रिलीज फिल्म 'मातृभूमिः मे वॉर रेस्ट इन पीस' होगी। अपूर्व लाखिया के निर्देशन में बनी इस फिल्म में उनके साथ चित्रांगदा सिंह नजर आएंगी। फिल्म 14 अगस्त 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...



## रंग भरकर चित्र बनाओ






## जोक्स

पिता (बेटे पर गुस्सा करते हुए) - एक काम ढंग से नहीं होता तुझसे।
तुम्हें पुदीना लाने के लिए कहा था और तुम धनिया ले आए...
तुझ जैसे बेवकूफ को तो घर से निकाल देना चाहिए...!
बेटा - पापा चलो इकट्ठे ही चलते हैं...
पिता - क्यों...?
बेटा - क्योंकि मम्मी कह रही थी कि ये मेथी है...!!!
00000000000

संता - सुबह-सुबह पड़ोसन बोल रही थी कि मेरे पेट में चूहे दौड़ रहे हैं...
बंता - तो फिर तुमने क्या किया...?
संता - मैंने उसे चूहे मारने की दवा खिला दी...
दो घंटे से सो रही है,
थैंक्यू भी नहीं बोला...!!!
00000000000

## वर्ग पहेली



### वर्ग पहेली



**बाएं से दाएं**
1. अचंभा, आश्चर्य-4
3. अच्छी रुचि, कलात्मक रुचि-3
6. पिता के छोटे भाई, काका-2
7. माह, मास-3
9. धावक (अंग्रेजी-3)
11. नया जीवन, उद्धार होना-5
12. लक्ष्मी, धन की देवी-3
15. बुरी आदत-2
16. पैर, पांव-2
18. देवमुनि, देवर्षि-3
20. शिकायत करना-5
22. रनिवास-3
24. बेकार, आवारा-3
26. छोटा टुकड़ा-2
27. अभिनय, कथा मंचन-3
28. सुगंध फैलाना-4

**ऊपर से नीचे**
1. सहसा, अकस्मात-4
2. एक प्रकार की शराब-2
3. प्रतिभाशाली-3
5. मननशील-5
6. चतुर्थ-2
8. नाव खेना-2,3
10. पासे फेंककर भविष्य जानने की विद्या-3
13. पैर मारना-5
14. मन की इच्छा-5
17. प्रकार-3
19. टूटना, बिखरना-4
21. पराजित होना, हारना-3
23. चालीस किलो के वजन को यह भी कहते हैं-2
25. पथ, रास्ता, मार्ग-2

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | | 45 | | 2 | | 20 | = | 47 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 64 | | 55 | | 47 | | 35 | = | 21 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 75 | | 56 | | 60 | | 7 | = | 72 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 50 | | 2 | | 2 | | 20 | = | 7 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 59 | | 22 | | 36 | | 42 | = | [illegible] |

**संकेत**

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णत: मेल खाता हो.

## शब्दों का जाल



शब्दजाल में दस धार्मिक स्थलों के नाम ढूंढ़िए. नाम ऊपर से नीचे व तिरछे हो सकते हैं.

हरिद्वार, गंगोत्री, वैष्णोदेवी, बद्रीनाथ, नासिक, केदारनाथ, अमरनाथ, ऋषिकेष, काशी, वाराणसी

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 5 | | 3 | | 2 |
| | 32 | 7 | 32 | | 30 | |
| 3 | | 4 | 6 | | | 7 |
| | 22 | | 37 | 7 | 39 | |
| 4 | | 2 | | | 1 | 5 |
| | 34 | | 34 | 5 | 28 | |
| 7 | | 6 | 3 | | 2 | |

**प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.**

### माथा पच्ची का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 33 | + | 3 | - | 24 | x | 3 | = | 36 |
| - | ■ | x | ■ | + | ■ | x | ■ | + |
| 25 | - | 10 | + | 41 | + | 8 | = | 64 |
| x | ■ | + | ■ | + | ■ | + | ■ | + |
| 5 | x | 2 | + | 1 | - | 10 | = | 1 |
| - | ■ | - | ■ | - | ■ | - | ■ | - |
| 35 | + | 10 | - | 29 | + | 15 | = | 31 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 5 | - | 5 | + | 36 | - | 19 | = | [illegible] |

### अष्टयोग का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 1 |
| 6 | 28 | 1 | 36 | 2 | 30 | 4 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 1 | 2 |
| 7 | 36 | 2 | 37 | 3 | 25 | 6 |
| 4 | 5 | 6 | 7 | 1 | 2 | 3 |
| 5 | 33 | 7 | 37 | 4 | 33 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |

### शब्दजाल का हल



## सूडोकू नवताल-

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 6 | | | |
| | | | | | 2 | 7 | | |
| | 6 | 8 | | | | 9 | | |
| 5 | 3 | | | | | | | 6 |
| | | | | 6 | | | | |
| 7 | | | | | | | 9 | 2 |
| | | 9 | | | | 8 | 5 | |
| | | 2 | 1 | | | | | |
| | | | 3 | | 4 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 |

# पुणे मर्डर- मंगेतर को पहाड़ी के किनारे बैठा देखा:सिया को तभी गिराने का आइडिया आया



## इससे बच जाता तो रोड एक्सीडेंट का प्लान B तैयार था

**पुणे मंगेतर मर्डर केस में नया खुलासा हुआ है। पुलिस के मुताबिक 31 मई को सिया और मंगेतर केतन लोहगढ़ किले गए थे। वहां केतन एक खतरनाक जगह बैठा था। तभी सिया को उसे मारने का आइडिया आया।**

जांच में यह भी सामने आया है कि 14 जून को भी केतन को धक्का देने की कोशिश की गई थी। उस समय सिया ने सांप दिखने का बहाना बनाकर घटना को हादसा बताने की कोशिश की थी। लेकिन केतन बच गया था।

इसके बाद सिया ने प्रेमी चेतन के साथ एक कैफे में मुलाकात की। वहां दोनों ने लोहगढ़ किले पर केतन को खाई में धक्का देने की योजना पर चर्चा की थी। दोनों ने वह पॉइंट भी ढूंढ लिया जहां से केतन को धक्का देना था। यदि केतन इससे भी बच जाता तो 20 जून के बाद सड़क हादसे में मारने का बैकअप प्लान तैयार था।

### 31 मई को मारने का आइडिया आया, 18 जून को मर्डर

31 मई: सिया को केतन की हत्या का प्लान सूझा: 11 फरवरी को सगाई के बाद केतन, सिया को घर लेकर आता था, साथ घूमने ले जाता था। उसे ट्रेकिंग यानी पहाड़ी चढ़ने का शौक था। उसने सिया से ट्रेकिंग के लिए लोहगढ़ किले चलने को कहा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जब दोनों किले की सबसे ऊंची चोटी पर पहुंचे, तो यहीं सिया को पहली बार केतन से पीछा छुड़ाने के लिए उसे पहाड़ी से धक्का देकर मार डालने का प्लान सूझा।

5 जून: किले पर जाने की जिद की, केतन नहीं गया: सिया ने 4 जून को केतन से दोबारा लोहगढ़ किला जाने की जिद की। तब केतन के घर वालों ने मना कर दिया। 6 जून को केतन, उनकी बहन, एक दोस्त और सिया के इंडोनेशिया के बाली जाने के टिकट बुक थे। सभी लोग फ्लाइट पकड़ने के लिए निकले। पुणे ग्रामीण के रढ संदीप सिंह गिल के मुताबिक, 'केतन के साथ बाली न जाना पड़े, इसलिए सिया ने उसका पासपोर्ट अपने पास अलग रख लिया था।'

14 जून: दूसरी कोशिश, धक्का दिया, लेकिन केतन बच गया: सिया ने केतन से दोबारा किले पर चलने को कहा। बोली कि उसे वो जगह पसंद है। पुलिस के मुताबिक, 14 जून को दोनों किले पर पहुंचे। सिया ने केतन को एक जगह पीछे से धक्का दिया। पेड़ का सहारा मिलने से केतन बच गया। उसने पूछा- ह्यधक्का क्यों दिया? तो सिया ने कहा, ह्यएक सांप था, तुम्हें उससे बचाने के लिए धक्का दिया।ह्ण केतन ने घर आकर सबको बताया कि सिया की वजह से उसकी जान बच गई।

18 जून: तीसरी कोशिश में बॉयफ्रेंड के साथ मिलकर धक्का दिया: 19 जून को सिया का जन्मदिन मनाने के लिए केतन ने महाबलेश्वर में एक लक्जरी रिजॉर्ट बुक किया था। सिया ने उससे पहले केतन को प्री-वेडिंग फोटोशूट की बात कहकर लोहगढ़ किले पर जाने के लिए मना लिया। इस बार पीछे-पीछे चेतन भी था। एक जगह जब केतन पहाड़ियों की तरफ देख रहा था, तभी दोनों ने उसे पीछे से धक्का दे दिया।

## तीन सुराग से पकड़े गए आरोपी

**21 जून को सिया केतन के घर पहुंची।** केतन की बहन ने पूछा- केतन कैसे गिरा? इस सवाल पर सिया के हावभाव अचानक बदल गए।

**पुलिस को CCTV फुटेज में एक व्यक्ति** दिखाई दिया जो 33 डिग्री की गर्मी में भी हुडी पहनकर किले पर आया था। इसे देखकर शक हुआ।

**जनवरी से केतन की हत्या वाले दिन** यानी 18 जून की सुबह 7 बजे तक सिया ने एक नंबर पर 2004 कॉल की। करीब 338 घंटे बातचीत की।

**पहला सुराग: सिया के हावभाव से केतन की बहन को शक हुआ**
मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 21 जून को सिया केतन के घर पहुंची। केतन की बहन ने पूछा- केतन कैसे गिरा? इस सवाल पर सिया के हावभाव अचानक बदल गए। वो ठीक से जवाब नहीं दे पा रही थी।
केतन की बहन को शक हुआ और उसने पिता विशाल अग्रवाल से कहा- भाई अच्छा ट्रेकर है, उसकी मौत एक्सीडेंट नहीं हो सकती। सिया ठीक से जवाब नहीं दे रही।
विशाल को भी पहले से शक था कि कुछ तो ठीक नहीं है। इसके बाद विशाल दोबारा पुणे पुलिस से मिले और सिया पर शक जताया। उन्होंने ये भी कहा कि सिया किसी लड़के से बात करती है, उसकी भी जांच की जानी चाहिए।

### दूसरा सुराग: किले के उउळ२ फुटेज में गर्मी में हुडी पहने लड़का दिखा

पुलिस ने लोहगढ़ किले के सीसीटीवी फुटेज निकाले। इनमें 18 जून के दिन वहां पहुंचे केतन और सिया के आसपास कई बार एक शख्स दिखा।

गर्मी का मौसम, ऊपर से किले की चढ़ाई, उसके बावजूद किले की सीढ़ियों के फुटेज में दिखा कि वो हुडी पहने था। पुलिस के मुताबिक, लड़का अपना चेहरा छिपाने की कोशिश कर रहा था।

### तीसरा सुराग: सिया की एक नंबर पर 2000 से ज्यादा कॉल्स

पुलिस ने सिया के कॉल-रिकॉर्ड खंगाले। इनमें एक मोबाइल नंबर पर जनवरी से केतन की हत्या वाले दिन सुबह 7 बजे तक सिया ने 2004 कॉल में करीब 338 घंटे की बातचीत की थी। यानी दोनों रोजाना करीब 11 कॉल्स में 2 घंटे बात करते थे। ये नंबर पुणे के ही एक और व्यापारी परिवार के लड़के चेतन चौधरी का था। चेतन का घर पुणे के उसी इलाके में था, जहां सिया के पिता का ऑफिस है।

### मर्डर की 2 वजह; दावा- सिया शादी के लिए तैयार नहीं थी

सिया शादी के लिए तैयार नहीं थी: पुलिस को शक है कि मुख्य आरोपी सिया गोयल शादी के लिए मानसिक रूप से तैयार नहीं थी और परिवार के दबाव में केतन से शादी करने जा रही थी। इसी पहलू को पुलिस हत्या की संभावित वजहों में से एक मानकर जांच कर रही है।

बदनामी के कारण प्रेमी के साथ भागी नहीं: प्रेमी चेतन ने बताया कि सिया सगाई तोड़कर भागने के पक्ष में नहीं थी। उसे लगता था कि इससे उसके परिवार की बदनामी होगी।

केतन अग्रवाल पुणे के गहुंजे के रहने वाले थे। वे रियल एस्टेट कारोबारी और सक्सेस ग्रुप के डायरेक्टर विशाल अग्रवाल के बेटे थे।

### पाकिस्तान की धमकी के बाद फैसला बदलना पड़ा

# दावा-स्विट्जरलैंड में पाकिस्तानी आर्मी चीफ को मारने का प्लान था, पीस डील में शामिल होने गए थे

ब्रह्मास्त्र ⏩ इजराइल

इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद ने स्विट्जरलैंड में ईरान शांति वार्ता के दौरान पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर और उनके डेलिगेशन की हत्या की साजिश रची थी। यह दावा ब्राजील के पत्रकार पेपे एस्कोबार ने एक पॉडकास्ट में किया है।

पत्रकार के दावे के मुताबिक पाकिस्तानी अधिकारियों को जब ये बात पता चली तो उन्होंने धमकी दी जिसके बाद इजराइल को अपना प्लान बदलना पड़ा।

यह दावा उस समय से जुड़ा है जब पाकिस्तान और कतर के प्रतिनिधिमंडल स्विट्जरलैंड के बर्गेनस्टॉक रिजॉर्ट में मौजूद थे। वहीं ईरान और अमेरिका के बीच पश्चिम एशिया के संघर्ष को खत्म करने के लिए बातचीत का पहला दौर पूरा हुआ था। पॉडकास्ट के दौरान पॉलिटिकल कमेंटेटर मारियो नॉफल के पॉडकास्ट में एस्कोबार ने कहा कि पाकिस्तानी सेना को बेहद विश्वसनीय जानकारी मिली थी कि इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के आदेश पर मोसाद हमला करने की तैयारी कर रहा है।

एस्कोबार ने दावा किया कि अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत में इजराइल को जगह नहीं मिली, इसलिए वह इस प्रक्रिया से खुश नहीं था। उनका यह भी कहना है कि लेबनान में इजराइल के सैन्य अभियान ने शांति समझौते की राह और मुश्किल बना दी। एस्कोबार ने आगे कहा इस साजिश की जानकारी मिलने के बाद पाकिस्तान ने इजराइल को चेतावनी भी भेजी थी। उनके मुताबिक



यह मैसेज शायद ओमान के जरिए पहुंचाया गया था। इसमें पाकिस्तान की ओर से कहा गया कि अगर पाकिस्तानी डेलिगेशन को कुछ हुआ तो इजराइल को नक्शे से मिटा दिया जाएगा। हालांकि यह दावा सामने आते ही पाकिस्तान की ओर से इसे खारिज कर दिया गया।

एआरवाई न्यूज के चेयरमैन कमरान खान ने एक वरिष्ठ पाकिस्तानी सुरक्षा अधिकारी के हवाले से कहा कि यह आरोप पूरी तरह बकवास और निरर्थक है। अधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और फील्ड मार्शल असिम मुनीर का पूरा स्विट्जरलैंड दौरा तय कार्यक्रम के अनुसार और बिना किसी परेशानी के पूरा हुआ। अधिकारी के मुताबिक दौरे के दौरान किसी भी समय कोई सुरक्षा अलर्ट जारी नहीं किया गया था।

## पाकिस्तान आज भी इजराइल को देश नहीं मानता




इजराइल और पाकिस्तान लंबे समय से एक-दूसरे को विरोधी मानते रहे हैं। दोनों देशों के बीच कोई रणनीतिक साझेदारी नहीं है। पाकिस्तान आज भी इजराइल को एक देश के रूप में मान्यता नहीं देता।

इससे पहले पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने क्षेत्रीय युद्धविराम प्रयासों पर चर्चा के दौरान इजराइल की तीखी आलोचना की थी। उन्होंने इजराइल को बुराई और मानवता के लिए अभिशाप बताया था। साथ ही उस पर लेबनान में नरसंहार करने का आरोप लगाया था। पाकिस्तान दुनिया का एकमात्र परमाणु हथियार संपन्न इस्लामी देश है। वहीं, इजराइल को भी परमाणु शक्ति माना जाता है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री के इन बयानों पर इजराइली अधिकारियों ने तुरंत प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने आरोपों को खारिज करते हुए सवाल उठाया था कि जब पाकिस्तान सरकार के वरिष्ठ मंत्री इस तरह के बयान दे रहे हैं, तो क्या इस्लामाबाद अमेरिका और ईरान के बीच निष्पक्ष मध्यस्थ की भूमिका निभा सकता है। पाकिस्तान के डिजिटल न्यूज प्लेटफॉर्म डी करंट के अनुसार, कई पत्रकारों ने इस कहानी को निराधार और तथ्यों से रहित बताया।

# खामेनेई के अंतिम संस्कार के लिए पीएम मोदी को न्योता, 4 जुलाई से शुरू होंगे समारोह

ब्रह्मास्त्र ⏩ ईरान

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के राजकीय अंतिम संस्कार में शामिल होने का न्योता भेजा है।

अयातुल्ला खामेनेई की 28 फरवरी को इजराइल-अमेरिका के हमले में मौत हो गई थी। इसके बाद 4 मार्च को उनका अंतिम संस्कार होना था लेकिन जंग की वजह से इसे टाल दिया गया था। अब इसकी शुरूआत 4 जुलाई से होगी। उनके शव को तेहरान के ग्रैंड मोसल्ला परिसर में अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। इसके बाद 9 जुलाई को मशहद स्थित इमाम रजा दरगाह में दफन किया जाएगा। अधिकारियों को उम्मीद है कि तेहरान, कुम और मशहद में होने वाले अंतिम संस्कार कार्यक्रमों में करीब 2 करोड़ लोग शामिल हो सकते हैं।

### मोदी का ईरान जाने पर सस्पेंस

ईरान ने अंतिम संस्कार समारोह के लिए दुनिया के कई देशों को निमंत्रण भेजा है। खास तौर पर पड़ोसी और मित्र देशों को इसमें शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। फिलहाल यह साफ नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी खामेनेई के अंतिम संस्कार में शामिल होंगे या नहीं। भारत सरकार ने अभी तक इस बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है। ऐसे में भारत की ओर से कौन इस समारोह में शामिल होगा, यह अभी स्पष्ट नहीं है। ईरान के तत्कालीन राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी की मई 2024 में हेलिकॉप्टर दुर्घटना में मौत के बाद भी भारत ने उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल तेहरान भेजा था। उस समय भारत सरकार ने एक दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित किया था। तत्कालीन उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए तेहरान पहुंचे थे और अंतिम संस्कार समारोह में शामिल हुए थे।

खामेनेई का मुख्य अंतिम संस्कार समारोह तेहरान में होगा, जो कम से कम 24 घंटे तक चलने की उम्मीद है। इसके बाद पार्थिव शरीर को धार्मिक शहर कुम ले जाया जाएगा और फिर मशहद पहुंचाया जाएगा, जहां इमाम रजा के दरगाह परिसर में दफनाया जाएगा। मशहद ईरान का दूसरा सबसे बड़ा शहर है। यह देश के उत्तर-पूर्वी हिस्से में स्थित है और शिया मुसलमानों का सबसे प्रमुख धार्मिक केंद्र माना जाता है।



### खोमैनी के जनाजे में 1 करोड़ लोग जुटे थे

ईरान में इस्लामिक गणराज्य के संस्थापक अयातुल्ला रुहोल्लाह खोमैनी के 1989 के जनाजे में करीब 1 करोड़ लोग शामिल हुए थे। यह उस समय ईरान की कुल आबादी का लगभग छठा हिस्सा था। इस कार्यक्रम को आज भी दुनिया के सबसे बड़े जनाजों में गिना जाता है। इतनी भारी भीड़ उमड़ी थी कि भगदड़ मच गई थी। इसमें कम से कम 8 लोगों की मौत हो गई थी और हजारों लोग घायल हुए थे।

इस बार अधिकारी इससे भी बड़ी भीड़ को संभालने और किसी हादसे से बचने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन युद्ध के प्रभाव से उबर रहे देश में इतना बड़ा आयोजन कराना बड़ी चुनौती माना जा रहा है।

### दावा- ट्रम्प टैरिफ को लेकर कॉमर्स मिनिस्टर पर भड़के थे

ब्रह्मास्त्र ⏩ न्यूयॉर्क

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत और चीन पर लगने वाले टैरिफ को लेकर एक मीटिंग में अपने ही अधिकारियों पर भड़क गए थे। एक नई किताब के मुताबिक, ट्रम्प को लगता था कि भारत अमेरिकी सामानों पर सरकारी आंकड़ों से कहीं ज्यादा टैक्स (टैरिफ) लगाता है।

न्यूयॉर्क टाइम्स के पत्रकार मैगी हैबरमैन और जोनाथन स्वान की किताब रिजीम चेंज: इनसाइड द इम्पीरियल प्रेसिडेंसी ऑफ डोनाल्ड ट्रम्प में दावा किया गया है कि ट्रम्प ने वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक से कहा था कि उन्हें भारत और चीन के टैरिफ को लेकर सही जानकारी नहीं दी जा रही।

भारत अमेरिकी सामानों पर कम से कम 175% टैरिफ लगाता है। विश्व व्यापार संगठन के आंकड़ों के अनुसार, 2025 में भारत का औसत ह्यमोस्ट फेवर्ड नेशनह्ण टैरिफ 15.8% था। यानी कि अगर भारत 100 तरह के सामान आयात करता है, तो उन सभी पर लगने वाले टैरिफ का औसत लगभग 16% बैठता है। वहीं 2023 में व्यापार-भारित औसत टैरिफ करीब 12% रहा। इसमें उन सामानों को ज्यादा महत्व दिया जाता है जिनका व्यापार अधिक होता है। यानी वास्तविक व्यापार में भारत पर आने वाला औसत टैरिफ लगभग 12% के आसपास पड़ता है। यही वजह है कि हळड और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय (वरळफ) की रिपोर्टों में भारत को उच्च टैरिफ वाला देश तो कहा जाता है, लेकिन कभी पूरे भारतीय टैरिफ इन्फ्रा के लिए 175% का आंकड़ा नहीं दिया गया है। हावर्ड लुटनिक, जो ट्रम्प की टैरिफ नीति के प्रमुख समर्थकों में रहे हैं, उन्होंने जनवरी 2025 में सीनेट में अपनी पुष्टि सुनवाई के दौरान भी भारत और चीन का उदाहरण दिया था। उनका तर्क था कि ऊंचे टैरिफ का मतलब हमेशा महंगाई नहीं होता, क्योंकि भारत और चीन में टैरिफ ज्यादा होने के बावजूद महंगाई नियंत्रित रही है।

# फ्रांस में गर्मी से 58 लोगों की मौत


## न्यूक्लियर पावर प्लांट बंद करना पड़ा, हीटवेव की चपेट में 26 यूरोपीय देश

ब्रह्मास्त्र ⏩ फ्रांस

फ्रांस में गर्मी के कारण 58 लोगों की मौत हो गई। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक लोग गर्मी से राहत पाने के लिए नदियों, झीलों और नहरों में नहाने जा रहे हैं। इसके चलते पिछले कुछ दिनों में 40 लोगों की डूबकर मौत हो गई है। इनमें ज्यादातर युवा शामिल हैं।

इसके साथ ही, 2 बच्चों समेत 18 लोगों की गर्मी में लू के चलते मौत हो गई। हीटवेव के चलते फ्रांस में गोलफेश न्यूक्लियर पावर प्लांट को सोमवार रात बंद करना पड़ा। इसकी वजह यह है कि प्लांट को ठंडा करने





के लिए इस्तेमाल होने वाली गारोन नदी का तापमान 28 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की आशंका है।

फ्रांस ही नहीं यूरोप के 26 देश हीटवेव की चपेट में हैं। स्पेन, इटली और ब्रिटेन समेत 14 देशों में गर्मी को लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है। इनमें से ज्यादातर देशों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर पहुंचने के करीब है।

फ्रांस में सरकार ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने पर पाबंदी लगा दी है। मौसम एजेंसी ने बताया कि सोमवार रात देश ने 1947 में रिकॉर्ड शुरू होने के बाद की सबसे गर्म रात दर्ज की। कई हिस्सों में तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान लगाया गया है।

भीषण गर्मी के कारण 1,350 से ज्यादा स्कूल बंद कर दिए गए हैं। गर्मी के कारण सरकार ने 'फेत द ला म्यूजिक' नामक वार्षिक म्यूजिक फैसटीवल के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने पर प्रतिबंध लगा दिया। यह म्यूजिक फैसटीवल हर साल पूरे फ्रांस में आयोजित होता है। इसमें लाखों लोग सड़कों पर उतरकर हिस्सा लेते हैं। सरकार को आशंका थी कि अत्यधिक गर्मी में शराब का सेवन

■ वर्ष-12 अंक-232 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

## सुभाषितानि

त्वयि मयि चान्यत्रैको विष्णुः, व्यर्थं कुप्यसि मय्यसहिष्णुः।
भव समचित्तः सर्वत्र त्वं, वाञ्छस्यचिराद्यदि विष्णुत्वम्॥

**भावार्थ** : तुममें, मुझमें और अन्यत्र भी सर्वव्यापक विष्णु ही हैं, तुम व्यर्थ ही क्रोध करते हो, यदि तुम शाश्वत विष्णु पद को प्राप्त करना चाहते हो तो सर्वत्र समान चित्त वाले हो जाओ।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बृहस्पतिवासरः 25 जून, 2026

**कस्त्वं कोऽहं कुत आयातः, का मे जननी को मे तातः।**
**इति परिभावय सर्वमसारम्, विश्वं त्यक्त्वा स्वप्न विचारम्॥**

**भावार्थ** : तुम कौन हो, मैं कौन हूँ, कहाँ से आया हूँ, मेरी माँ कौन है, मेरा पिता कौन है? सब प्रकार से इस विश्व को असार समझ कर इसको एक स्वप्न के समान त्याग दो।

## सम्पादकीयम्

### ग्रह स्पार्क

कम्पनीनां उत्तरदायित्व। नूतननियमानाम् अन्तर्गतं सर्वेषु प्रकरणेषु एआइ-जनितसामग्रीणां लेबलं करणीयम्। सामग्रीयाः स्रोतः प्रकटयितुं अपि अनिवार्यम् अस्ति, यत्किमपि अवैधसामग्री अपि त्रिघण्टाभिः अन्तः अपसारणीयम्। अनुपालनस्य समयसीमा अपि सर्वकारेण न्यूनीकृता अस्ति। ऑनलाइन सामग्री यस्मिन् वेगेन वायरल भवति तत दृष्ट्वा कार्यस्य गतिं त्वरयितुं अत्यावश्यकम् आसीत्। प्रवर्तनस्य दायित्वं सामाजिकमाध्यममञ्चेषु तेषां वरिष्ठकार्यकारीषु च स्थापितं यत् सर्वथा उचितम् अस्ति। एताः कम्पनयः केवलं उपयोक्तृअधिकारस्य गोपनीयतायाः च तर्कानाम् पृष्ठतः निगूढः भूत्वा उत्तरदायित्वं परिहरितुं न शक्नुवन्ति; तेषां उत्तरदायित्वं स्थापयितुं महत्त्वपूर्णम् अस्ति। प्रौद्योगिकी-चुनौत्यम्। भारते सामाजिकमाध्यमप्रयोक्तृणां विश्वस्य बृहत्तमः आधारः अस्ति, अन्तर्जालस्य उपयोगः ८६% गृहेषु यावत् अभवत्। अङ्कीयभारते अद्यत्वे प्रगतेः प्रतीकं वर्तते तथापि एषा उन्नतिः नूतनानि आव्हानानि आनयत्। डीपफेक्स् तथा एआई इत्येतयोः माध्यमेन श्रव्य-वीडियो-सामग्रीणां हेरफेरः एतादृशं गम्भीरं आव्हानं प्रतिनिधियति; अस्य विषये चिन्ता सर्वकाराद् सर्वोच्चन्यायालयपर्यन्तं सर्वैः उक्तवती अस्ति। २०२४ तमे वर्षे २२.६८ मिलियनं साइबरअपराधस्य प्रकरणाः ज्ञाताः।

**ईपीएफओ ३.० इत्यस्मिन् प्रमुखः परिवर्तनः**

# यूपीआई एटीएम इत्येतयोः माध्यमेन पीएफ-धनं निष्कासयितुं शक्यते....

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

कर्मचारीभविष्यनिधिसङ्गठनम् देशे सर्वत्र कोटिकोटिवेतनप्राप्तकर्मचारिणां कृते एकं प्रमुखं डिजिटलरूपान्तरणं प्रवर्तयितुं निश्चितम् अस्ति। ईपीएफओ ३.० इति नाम्ना विकसितस्य नूतनस्य मञ्चस्य उद्देश्यं पीएफ-निष्कासनप्रक्रियाम् पूर्वस्मात् अपेक्षया सरलं, द्रुततरं, पारदर्शकं च कर्तुं वर्तते। यदि सर्वं योजनानुसारं भवति तर्हि कर्मचारिणः शीघ्रमेव ईपीएफ-प्रणाल्या सह सम्बद्धानां यूपीआई-एटीएम-इत्यस्य उपयोगेन स्वस्य पीएफ-खातात् प्रत्यक्षतया धनं निष्कासयितुं शक्नुवन्ति। एकदा एषा सुविधा कार्यान्विता भवति तदा पीएफ-निष्कासनेन सह सम्बद्धाः उपद्रवाः-यथा दीर्घप्रक्रियाः, पुनः पुनः दस्तावेजप्रदानं, दिवसानां प्रतीक्षा च- बहुधा निवारयितुं शक्यन्ते।

सम्प्रति कश्चन कर्मचारी स्वस्य पीएफ खातेन धनं निष्कासयितुं दावान् अवश्यं दातव्यः-अनलाईन-अफलाइन-वा। दस्तावेजपरीक्षायाः, सत्यापनस्य, अनुमोदनस्य च प्रक्रियाः समाप्ताः भवन्ति ततः परमेव धनं खाते जमा भवति । बहुषु प्रसङ्गेषु एषा प्रक्रिया दिवसान् सप्ताहान् वा अपि यावत् भवति। ईपीएफओ ३.० इत्यस्य प्राथमिकं उद्देश्यं एतत् प्रणालीं अधिकं डिजिटलं कार्यक्षमं च कर्तुं वर्तते ।

**ईपीएफओ 3.0 इति किम्-** ईपीएफओ ३.० इति कर्मचारिणां भविष्यनिधिसङ्गठनस्य नूतनं डिजिटलमञ्चम् अस्ति, यत् आधुनिकप्रौद्योगिक्याः द्रुततरसेवाक्षमतायाः च सह डिजाइनं कृतम् अस्ति। पीएफ खाताधारकाणां कृते




अधिकसुविधाजनकाः उपयोक्तृ-अनुकूलाः च सेवाः प्रदातुं अस्य उद्देश्यम् अस्ति। सर्वकारस्य ईपीएफओ च लक्ष्यं भवति यत् कर्मचारिणां निधिं शीघ्रं सुरक्षिततया च प्राप्तुं शक्यते।

**यूपीआई मार्गेण पीएफ धनं कथं निष्कासयितुं शक्यते-** सूत्रानुसारं एषा प्रणाली-भारतीय-देयता-निगमस्य सहकारेण विकसिता-परीक्षण-चरणं सम्पन्नम् अस्ति एकदा कार्यान्वितं जातं चेत् पात्रसदस्याः स्वस्य उपलब्धस्य पीएफशेषस्य निर्दिष्टभागं प्रत्यक्षतया यूपीआईद्वारा स्वस्य बैंकखातेषु स्थानान्तरयितुं शक्नुवन्ति। सम्भाव्यप्रक्रिया एतादृशी भवितुम् अर्हति–

कर्मचारी स्वस्य ईपीएफ खातं स्वस्य बैंकखातेन यूपीआई आईडी च सह सम्बद्धं करिष्यति। ते ईपीएफओ पोर्टल अथवा अधिकृते मोबाईल मञ्चे प्रवेशं करिष्यन्ति।

ते निवृत्तिविकल्पं चिन्वन्ति। सत्यापनानन्तरं राशिः प्रत्यक्षतया बैंकखाते स्थानान्तरिता भविष्यति।

कतिपयेषु निमेषेषु सम्पूर्णा प्रक्रिया समाप्ता भविष्यति इति अपेक्षा अस्ति। समाचारानुसारं सदस्याः स्वस्य उपलब्धस्य पीएफ-शेषस्य ७५ प्रतिशतं यावत् तत्क्षणमेव निष्कासयितुं शक्नुवन्ति। परन्तु अन्तिमनियमाः पात्रतामार्गदर्शिकाः च ईपीएफओद्वारा अद्यापि निर्गताः सन्ति।

**एटीएम मार्गेण पीएफ निष्कासनम्-** ईपीएफओ 3.0 इत्यस्य एकं बहुचर्चितं विशेषता एटीएम-आधारितं निष्कासनम् अस्ति। प्रस्ताविताया: प्रणाल्याः अन्तर्गतं सदस्याः ईपीएफ-सङ्गतविशिष्ट-एटीएम-माध्यमेन अथवा बैंक-जाल-माध्यमेन प्रत्यक्षतया धनं निष्कासयितुं शक्नुवन्ति।

ईपीएफ खातेः सत्यापनम्, लिङ्किंग च पूर्णं भवितुमर्हति। एटीएम इत्यत्र परिचयसत्यापनं भविष्यति। उपलब्धा निष्कासनसीमा प्रदर्शिता भविष्यति। इष्टराशिं चयनं कृत्वा नगदं निष्कासयितुं शक्यते। एषा सुविधा आपत्काले कर्मचारिभ्यः तत्कालं आर्थिकसहायतां प्रदास्यति।

**वैभव सूर्यवंशी नव विश्वविक्रमः स्थापितः**

## केवलं ११ गेन्देषु सर्वाधिकं द्रुतगतिना ५०-ओवर-क्रिकेट्-अर्धशतकम्

ब्रह्मास्त्र ›› दम्बुला

क्रिकेट्-सनसनी वैभव-सूर्यवंशी ५०-ओवर-क्रिकेट्-क्रीडायां द्रुततमं अर्धशतकं कृत्वा २० वर्षीयं विश्व-अभिलेखं भङ्गं कृतवान्। श्रीलङ्का ए-विरुद्धे प्रचलति त्रिश्रृङ्खला-अन्तिम-क्रीडायां वैभवः २९ कन्दुकयोः ९४ रनस्य स्कोरं कृतवान्, केवलं ११ प्रसवेषु अर्धशतकं प्राप्तवान्।

वैभवात् पूर्वं अस्मिन् प्रारूपे द्रुततमस्य अर्धशतकस्य अभिलेखः श्रीलङ्कायाः कौशल्या वीररत्ने इत्यस्य कृते आसीत्, यः २००६ तमे वर्षे रागमाक्रिकेट् क्लबस्य कृते क्रीडन् १२ कन्दुकयोः पञ्चाशत् स्कोरं कृतवान्। वरिष्ठस्तरस्य ५०-ओवर-क्रिकेट्-क्रीडायां द्वौ वर्गौ स्तः - सूची ए तथा एकदिवसीय-अन्तर्राष्ट्रीय (एकदिवसीय) इति प्रत्येकं एकदिवसीयं सूची ए-क्रीडारूपेण अपि वर्गीकृतं भवति। एकदिवसीयक्रीडासु द्रुततमं अर्धशतकं एबी डीविलियर्स् इत्यनेन कृतम्, यः २०१५ तमे वर्षे वेस्ट् इन्डीजविरुद्धं १५ गेन्देषु ५० रनस्य निशानं प्राप्तवान्। श्रीलङ्का ए इत्यस्य विरुद्धं इण्डिया ए इत्यनेन २३ ओवरेभ्यः परं २ विकेट् हानिः कृत्वा २०० रनाः प्राप्ताः तिलक वर्मा, रुतुराज गैकवाड च सम्प्रति क्रीजस्थाने सन्ति।

**एकादश खेलने-** भारत अः वैभव सूर्यवंशी, प्रियंश आर्य, रुतुराज गायकवाड, तिलक वर्मा (कप्तान), कुमार कुशाग्रा, सूर्यंश शेडगे, अनुकुल राय, निशांत सिंधु, विप्रज निगम, अशोक शर्मा, यश ठाकुर।

श्रीलंका कः निरोशन डिक्वेला (विकेटकीपर), अविष्का फर्नान्डो, रविन्दु फर्नाण्डो, सदीरा समरविक्रमा, साहान अर्चचिगे (कप्तान), नुवानिदु फर्नाण्डो, वानुजा साहान, मोहम्मद शिराज, दुलाज समुदीता, विजयकांतवियास्कान्त, कुगथास मथुलन।

## एतेन सम्बन्धान्, इतिहासः सामाजिकपरिवर्तनं, रहस्यं

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

एतेन सम्बन्धान्, इतिहासः, सामाजिकपरिवर्तनं, रहस्यं च परितः परिभ्रममाणानां कथानां व्यापकपाठकसमर्थनं व्याख्यायते। अङ्कीयमञ्चाः, श्रव्यपुस्तकसेवाः, ऑनलाइन-खुदरा-स्थलानि च एतेषां शीर्षकाणां व्याप्तिम् अधिकं विस्तारितवन्तः। विशेषज्ञानाम् अनुसारं बेस्टसेलरसूचौ स्थानं सुरक्षितं करणं केवलं विक्रय-आँकडानां अपेक्षया अधिकं सूचयति; पाठकानां विकसितरुचिः प्रतिबिम्बयति। गतसप्ताहस्य सूची विविधविषयान् आच्छादयितानां पुस्तकानां प्राधान्यं स्पष्टतया दर्शयति।

## राशिफल

**मेष** : आज के दिन घर पर स्ट्रेस होने पर भी शांत रहें। नौकरी में आपका कमिटमेंट काम आ सकता है।

**वृषभ** : आज के दिन धन भी ठीक स्थिति में है। आज के दिन प्यार के मामले में बिना किसी रोक-टोक के अपनी भावनाएं बताएं।

**मिथुन** : आज सेहत और पैसा दोनों अच्छी स्थिति में रहेंगे। ऑफिस में आपको एथिक्स से कोई कॉम्प्रोमाइज नहीं करना चाहिए।

**कर्क** : आज के दिन बिजी ऑफिस शेड्यूल के साथ एक खुशहाल रिश्ता ही आपका मुख्य फोकस रहेगा।

**सिंह** : आज के दिन ऑफिस लाइफ प्रोडक्टिव रहेगी। खुशहाली स्मार्ट फैसले लेने की इजाजत देती है।

**कन्या** : हेल्थ से फाइनेंशियल सक्सेस मिलेगी। आज के दिन ज्यादा मेहनत करके अपनी प्रोफेशनल लाइफ को शानदार बनाए रखें।

**तुला** : आज के दिन पैसों की छोटी-मोटी दिक्कतों के बावजूद, रूटीन लाइफ पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

**वृश्चिक** : आज के दिन अपनी लव लाइफ में सभी मौजूदा दिक्कतों को सुलझाएं। लव लाइफ में शांति बनाए रखें।

**धनु** : आज के दिन धन के मामले को बहुत सावधानी से संभालें। आज आपकी सेहत भी नॉर्मल है।

**मकर** : आज के दिन कुछ जातकों की पर्सनल लाइफ अच्छी रहेगी। कुछ लोगों को आज हेल्थ प्रॉब्लम हो सकती है।

**कुंभ** : आज के दिन पैसे को ध्यान से हैंडल करें। आज के दिन जिम्मेदारियों को मौकों में बदलने के लिए बहुत अच्छा दिन है।

**मीन** : आज के दिन फाइनेंशियल सक्सेस दिन की खास बात है। आज के दिन अपनी लव लाइफ में भी कूल बिहेवीयर बनाए रखें।

## ज्योतिष/वास्तु

# जुलाई माह में इन राशियों पर किस्मत रह सकती है मेहरबान, मिल सकती है कोई बड़ी खुशखबरी

जुलाई माह में कई ग्रहों का गोचर का होगा और शनि की चाल में बदलाव भी देखने को मिलेगा। आइए जानते हैं जुलाई माह में किन राशियों को सबसे ज्यादा लाभ मिल सकता है।

ज्योतिष में हर माह कोई न कोई ग्रह अपनी राशि जरूर बदलता है। ऐसे में आने वाला नया महीना जुलाई ग्रह-नक्षत्रों के अनुसार बहुत ही खास महत्वपूर्ण रहने वाला है। जुलाई माह में सुख और वैभव के दाता शुक्र, वाणी और व्यापार के कारक बुध और ग्रहों के राजा सूर्य अपनी-अपनी राशि बदलेंगे। साथ ही इसके अलावा सभी ग्रहों में सबसे मंद गति से चलने वाले ग्रह शनि भी अपनी चाल में बदलाव करेंगे। सबसे पहले 4 जुलाई को शुक्र सिंह राशि में गोचर करेंगे। फिर 16 जुलाई को सूर्य कर्क राशि में गोचर करेंगे। 24 जुलाई 2026 को बुध मार्गी होंगे और 27 जुलाई को शनि मीन राशि में वक्री हो जाएंगे। जुलाई माह में इन प्रमुख ग्रहों की चाल में बदलाव का असर कुछ राशियों पर अच्छा तो कुछ पर नकारात्मक रूप से पड़ सकता है। आइए जानते हैं जुलाई का महीना किन राशियों के लिए सबसे ज्यादा शुभ और लाभकारी रहेगा।

**सिंह राशि –** सिंह राशि वालों के लिए जुलाई का महीना बहुत ही लाभकारी और अच्छा साबित होगा। आय के नए-नए स्त्रोतों में इजाफा



देखने को मिलेगा। आपके अधूरे कामों में गति आएगी। नौकरीपेशा लोगों के लिए जुलाई का महीना बहुत ही शुभ और लाभकारी साबित होगा। नौकरी में प्रमोशन और आय में वृद्धि के योग हैं। विपरीत परिस्थितियों में आपको अपने दोस्तों का भरपूर साथ मिलेगा। इस माह आपकी किसी प्रभावशाली लोगों से मेल-मुलाकात का सिलसिला शुरू हो सकता है जिससे आपको आने वाले दिनों में भरपूर लाभ होता हुआ दिखाई देगा। समाज में आपके कामों की प्रशंसा होगी और मान-सम्मान में वृद्धि के योग बनेंगे।

**तुला राशि –** तुला राशि वालों के लिए जुलाई का महीना कुछ खास तरह के उपलब्धियों से भरा होने वाला होगा। करियर के लिहाज से आपको कई तरह के सुनहरे मौके मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको कोई बड़ी उपलब्धि हासिल मिल सकती है। धन लाभ के अवसरों में आने वाला महीना बहुत ही अच्छा साबित होगा। जो लोग किसी तरह के व्यापार आदि से जुड़े हुए हैं उनके लिए आने वाले दिनों में कोई अच्छी डील हासिल हो सकती है। छात्रों के लिए जुलाई का महीना बहुत ही अच्छा रह सकता है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों को सफलता मिल सकती है।

**मकर राशि –** मकर राशि वालों के लिए जुलाई का महीना बहुत ही शुभ साबित हो सकता है। आपको अपनी मेहनत का अच्छा फल मिल सकता है। अटके हुए कार्यो में आपको गति मिल सकती है। आर्थिक स्थिति पहले की तुलना में आने वाले महीने में बेहतर रहेगी। इस माह आपके साहस और पराक्रम में वृद्धि होगी। इस माह आपका मन धर्म-कर्म के कार्यों में लगेगा। साथ ही व्यापार करने वाले जातकों के हाथ में कोई बड़ी और बढ़िया डील हासिल हो सकती है।

**मीन राशि-** मीन राशि वालों के लिए जुलाई का महीना बहुत ही शुभ और लाभकारी साबित हो सकता है। इस माह जो लोग बेरोजगार हैं उनको नई नौकरी के लिए बेहतर अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में नई तरह की जिम्मेदारी मिल सकती है। जुलाई माह में आपके खाते में कुछ अचानक से धन में वृद्धि के योग हैं। इस माह आपको छोटी-छोटी यात्राओं का भी योग बना रहा है। किसी को दिया गया उधार धन वापस मिल सकता है। जिससे आपकी आर्थिक स्थिति पहले के मुकाबले काफी बेहतर रहेगी।

**13.50 करोड़ में कुलदीप लखनऊ में शामिल, दोनों टीमों के बीच ट्रेड हुआ**

# 27 करोड़ के पंत 15 करोड़ में दिल्ली कैपिटल्स लौटे

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी ऋषभ पंत की दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) में वापसी हो गई है, जबकि स्पिनर कुलदीप यादव अब लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के लिए खेलेंगे। दोनों टीमों के बीच यह ट्रेड हुआ है। इस आईपीएल के बाद पंत ने लखनऊ की कप्तानी छोड़ दी थी।

लखनऊ ने आईपीएल 2025 के ऑक्शन में पंत को रिकॉर्ड 27 करोड़ रुपए में खरीदा था, जो आईपीएल इतिहास की सबसे बड़ी बोली थी। अब ट्रेड के बाद वे 15 करोड़ रुपए की फीस पर दिल्ली से जुड़े हैं। वहीं, कुलदीप यादव 13.50 करोड़ रुपए की अपनी मौजूदा फीस पर लखनऊ में शामिल हुए।

**पंत का प्रदर्शन रहा ट्रेड की वजह–** पंत के ट्रेड की आधिकारिक वजह नहीं बताई गई है। हालांकि, इसके पीछे उनका कप्तान और खिलाड़ी के रूप में प्रदर्शन एक कारण माना जा रहा है। आईपीएल 2026 में लखनऊ पॉइंट्स टेबल में आखिरी 10वें और 2025 में 7वें स्थान पर रही। पंत टीम के कप्तान थे, इसलिए मैनेजमेंट बदलाव चाहता था। वहीं, 27 करोड़ रुपए की रिकॉर्ड कीमत के मुकाबले उनका प्रदर्शन भी उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा। उन्होंने लखनऊ के लिए दो सीजन में 28 मैच खेलकर 581 रन बनाए।




### 5 सीजन बाद दिल्ली कैपिटल्स से अलग हुए कुलदीप यादव

इस ट्रेड में कुलदीप दिल्ली कैपिटल्स का साथ छोड़कर लखनऊ सुपर जायंट्स में शामिल हो गए हैं। कुलदीप का दिल्ली के साथ 5 सीजन का एक बेहद सफल सफर रहा है, जो अब इस ट्रेड के साथ समाप्त हो गया है। कुलदीप साल 2022 में दिल्ली की फ्रेंचाइजी से जुड़े थे। तब से लेकर अब तक उन्होंने टीम के लिए 65 मैचों में 72 विकेट अपने नाम किए हैं। यह बदलाव कुलदीप के लिए भी एक तरह से घर वापसी जैसा होगा। उन्होंने घरेलू क्रिकेट उत्तर प्रदेश से खेला है, जबकि पंत दिल्ली के खिलाड़ी रहे हैं।

### पंत पहले भी 9 सीजन दिल्ली के लिए खेले

पंत एक बार फिर उसी फ्रेंचाइजी का हिस्सा बन गए हैं, जहां उन्होंने साल 2016 से 2024 के बीच अपने करियर के 9 सीजन बिताए थे। दिल्ली कैपिटल्स के लिए पंत ने अब तक कुल 111 मैच खेले हैं। उन्होंने तीन सीजन में 43 मुकाबलों में दिल्ली की कप्तानी भी की। हालांकि 2025 मेगा ऑक्शन से पहले ऋषभग्रुप के साथ कुछ मतभेदों के बाद उन्हें रिलीज कर दिया गया था।

### वेंकटेश के सबसे ज्यादा पैसे कटे थे

वेंकटेश अय्यर के नाम आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा पे-कट दर्ज है। कोलकाता ने उन्हें 2025 मेगा ऑक्शन में 23.75 करोड़ रुपए में खरीदा था, लेकिन अगले ही सीजन फ्छइ ने सिर्फ 7 करोड़ रुपए में साइन किया। इससे उनकी सैलरी में 16.75 करोड़ रुपए की कमी आई। यह आईपीएल इतिहास की सबसे बड़ी वेतन कटौती है। दूसरे नंबर पर सैम करन हैं। पंजाब किंग्स ने उन्हें 2024 में 18.5 करोड़ रुपए में खरीदा था, लेकिन 2025 में चेन्नई ने सिर्फ 2.4 करोड़ रुपए में साइन किया। यानी करन की सैलरी में 16.1 करोड़ रुपए की गिरावट आई।

## आईसीसी रैंकिंग- शुभमन नंबर-2 वनडे बल्लेबाज

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज में टॉप स्कोरर रहे भारतीय कप्तान शुभमन गिल की आईसीसी रैंकिंग में उछाल आया है। वह वनडे में दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। इससे पहले वह पांचवें नंबर पर थे।

बुधवार को जारी हुई साप्ताहिक रैंकिंग में गिल वनडे नंबर-1 पर काबिज न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल से सिर्फ 24 रेटिंग अंक पीछे हैं। गिल ने अफगानिस्तान के खिलाफ हालिया तीन मैचों की वनडे सीरीज में 238 रन बनाए थे।

वहीं, ईशान किशन 21 स्थान की लंबी छलांग लगाकर 43वें नंबर पर पहुंच गए हैं। भारतीय बॉलर प्रसिद्ध कृष्णा को 34 और अर्शदीप सिंह को 16 स्थान का फायदा मिला है। टेस्ट रैंकिंग में न्यूजीलैंड के मैट हैनरी भारत के जसप्रीत बुमराह के साथ संयुक्त रूप से नंबर-1 गेंदबाज बन गए हैं। यह 36 साल बाद है, जब न्यूजीलैंड का कोई गेंदबाज पहले स्थान पर आया है। इससे पहले 1990 में रिचर्ड हैडली टेस्ट के टॉप गेंदबाज थे।

**ब्राजील फुटबॉल वर्ल्ड कप के नॉकआउट में**

## स्कॉटलैंड को 3-0 से हराया




ब्रह्मास्त्र ›› मियामी गार्डन्स

5 बार की वर्ल्ड चैंपियन ब्राजील ने फुटबॉल वर्ल्ड कप के नॉकआउट राउंड में प्रवेश कर लिया है। उसने गुरुवार सुबह ग्रुप-सी के मैच में स्कॉटलैंड को 3-0 से हराया। मियामी स्टेडियम में ब्राजील की ओर से विनीसियस जूनियर ने दो गोल किए। जबकि एक गोल मैथियस कुन्हा ने दागा।

स्कॉटलैंड 1998 के बाद पहली बार वर्ल्ड कप में खेल रहा है, लेकिन टीम एक बार फिर ग्रुप चरण से आगे बढ़ने में नाकाम रही। टूर्नामेंट के इतिहास में यह नौवीं बार है, जब स्कॉटलैंड ग्रुप चरण पार नहीं कर सका। वहीं, ब्राजील दूसरी जीत के साथ 7 अंक लेकर ग्रुप-सी के टॉप पर है।

विनीसियस ने फर्स्ट हाफ में दोनों गोल किए विनीसियस ने मैच के 7वें मिनट में गोल कर ब्राजील को शुरूआती बढ़त दिलाई। उन्होंने हाफ टाइम से ठीक पहले दूसरा गोल भी दागा। कुन्हा ने भी हाफ टाइम से ठीक स्कोरशीट में नाम दर्ज कराया। विनीसियस अब टूर्नामेंट में चार गोल कर चुके हैं और गोल्डन बूट की दौड़ में फ्रांस के किलियन एम्बाप्पे की बराबरी पर पहुंच गए हैं। दोनों के चार-चार गोल हैं, जबकि अर्जेंटीना के लियोनेल मेसी पांच गोल के साथ टॉप पर हैं। ब्राजील के स्टार खिलाड़ी नेमार ने 76वें मिनट में मैदान पर उतरकर चोट के बाद वापसी की।

## खबर एक नजर...

### हफ्ता मांगने वाले 2 बदमाशों को भेजा सलाखों में



**उज्जैन।** खुद का दादा पहलवान बताकर हफ्ता मांगने वाले 2 बदमाशों को 9 दिन की तलाश के बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल की सलाखों में भेज दिया। बदमाशों के 2 साथी फरार है, जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।महिदपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि 14 जून को जवाहर मार्ग पर रहने वाले मोहम्मद शाहिद शेख को चार बदमाशों ने रोका था और कहा कि हम दादा-पहलवान है। महिदपुर में रहना है तो हफ्ता देना होगा। मो. शाहिद ने विरोध किया तो चारों ने मारपीट की और कहा कि अगर आगे से मना किया तो जान से मार देगें। मामले में मो. शाहिद की शिकायत पर चार बदमाशों जवाब पिता मुजम्मिल शाह, शाहनवाज उर्फ गोलू पिता कासम शाह, अब्दुल वहाब पिता मुजम्मिल और अब्दुल खालिद पिता युसुफ निवासी फकीर मोहल्ला के खिलाफ अवैध वसूली, मारपीट और धमकी देने का प्रकरण दर्ज किया गया। चारों की गिरफ्तारी के लिये एसआई सुखसेन अरियाम, एएसआई वीपी सिंह परिहार, प्रधान आरक्षक विजयसिंह, आरक्षक आदिशम, प्रवीण की टीम गठित की गई। 9 दिनों की तलाश के बाद मंगलवार रात आरोपी अब्दुल वहाब और शाहनवाज उर्फ गोलू को महिदपुर नगीना मस्जिद के पास से गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी के अनुसार अब्दुल वहाब के खिलाफ 9 और शाहनवाज के खिलाफ पूर्व से 7 प्रकरण दर्ज होना पाये गये। दोनों को बुधवार दोपहर कोर्ट में पेश कर उपजेल महिदपुर भेजा गया है। दोनों के फरार 2 साथियों को भी जल्द गिरफ्तार किया जायेगा।

### विवाद करने से मना किया तो घर में घुसकर मारा

**उज्जैन।** माकडोन थाना क्षेत्र के ग्राम चिकली में रहने वाले अरविंद पिता भगवानसिंह राजपूत ने अपने घर के बाहर विवाद कर रहे प्रद्युमनसिंह और मोहनलाल को रोकने का प्रयास किया और गाली गलौच करने से मना किया। जिस पर प्रद्युमनसिंह ने उनके विवाद में हस्तक्षेप करने पर अरविंद सिंह को घर में घुसकर मारपीट शुरू कर दी। प्रद्युमन घर में घुसकर मारपीट शुरू कर दी। अरविंद से मारपीट कर रहे प्रद्युमन को रोकने के लिये मोहनलाल पहुंचा तो उसके साथ भी मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी और भाग निकला। अरविंद और मोहन ने अपने साथ हुई मारपीट की शिकायत थाने पहुंचकर दर्ज कराई। पुलिस ने दोनों को एक ही मामले में फरियादी बनाकर प्रद्युमन के खिलाफ मारपीट और एससी एसटी एक्ट का प्रकरण दर्ज कर लिया। मोहनलाल ने बताया कि मजदूरी के पैसों को लेकर प्रद्युमनसिंह से विवाद हो रहा था। लेकिन बीच में अरविंद आ गया था। माकडोन थाना प्रभारी प्रदीपसिंह राजपूत के अनुसार आरोपी भाग निकला था जिसकी तलाश जारी है।

### चालक के खिलाफ लापरवाही से कार चलाने का केस दर्ज

**उज्जैन।** नागझिरी थाना क्षेत्र के उज्जैन-देवास बायपास मार्ग चंदेसरी ब्रिज के पास 20 जून को डिवाइडर से टकराकर कार पलटी खा गई थी। हादसे में आंध्रप्रदेश के रहने वाले नेटी मणिकाता की मौत हो गई थी और इंदौर का रहने वाला ओमप्रकाश धाकड़ घायल हो गया था। चालक बालकिशन निवासी नीमच को भी चोंट आई थी। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतक का पोस्टमार्टम कराया था। जांच के दौरान सामने आया कि चालक बालकिशन की लापरवाही से कार डिवाइडर से टकराकर पलटी थी और आंध्रप्रदेश के युवक की जान गई थी। मृतक और घायल बीज का कारोबार करते थे, दोनों चालक के साथ महाकाल दर्शन करने उज्जैन आये थे और वापस इंदौर लौट रहे थे। उसी दौरान हादसा हुआ था। एएसआई द्वारिका प्रसाद ने बताया कि चालक को हिरासत में लेकर नोटिस पर रिहा किया गया है। 30 जून को उसे कोर्ट में पेश किया जायेगा।

### ट्रक दुर्घटना में घायल बड़ौद के वृद्ध की मौत

**उज्जैन।** बड़ोद के लोटिया कृष्णा में रहने वाले मानसिंह पिता राघु 51 साल को बुधवार शाम गंभीर हालत में उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया गया था। जहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि ट्रक ने टक्कर मार थी। अस्पताल स्टॉफ ने मामला सड़क दुर्घटना का होने पर मामले की सूचना अस्पताल पुलिस चौकी को दी। चौकी पुलिस ने मर्ग कायम किया है। गुरूवार को पोस्टमार्टम के बाद मर्ग डायरी जांच के लिये बड़ोद पुलिस को भेजी जायेगी।

### शराब के रूपये नहीं देने पर वृद्ध के साथ मारपीट

**उज्जैन।** घट्टिया थाना क्षेत्र के ग्राम जैथल टैक स्थित राममंदिर के पास 62 साल के वृद्ध तेजूलाल पिता भागीरथ चौधरी का आधी रात को बदमाश ने रास्ता रोका और शराब पीने के रूपये मांगने लगा। मंदिर से लौट रहे वृद्ध ने रूपये देने से मना किया तो बदमाश ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी और भाग निकला। वृद्ध की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया गया है। बदमाश की तलाश जारी है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 456-5 | 890-7 |
| मेन बाजार | 149-4 | 460-0 |
| मिलन डे | 449-7 | 700-7 |
| मिलन नाइट | 378-8 | 168-5 |

2 6 7

#### एसआईआर फार्म से बीएलओ ने दिया था फोटो

# गिरफ्त में आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने वाले आरोपी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अश्लील वीडियो में युवती का फोटो एडिट कर वायरल करने वाले 4 आरोपियों को 3 दिन बाद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों में महिला बीएलओ भी शामिल है। मामले से जुड़ा एक आरोपी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

पंवासा थाना क्षेत्र के ग्राम में रहने वाली युवती से जुड़ा एक अश्लील वीडियो पिछले दिनों सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने के बाद ग्राम में हडकंप मच गया था। युवती ग्राम में नहीं रहती है, उसके परिवार ने वायरल वीडियों की शिकायत पुलिस को दर्ज कराई और पारिवारिक-सामाजिक छवि धूमिल करने का आरोप लगाया। मामला गंभीर होने पर पंवासा थाना प्रभारी गमरसिंह मंडलोई ने मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया और जांच शुरू की। अश्लील वीडियो में युवती का फोटो अलग से एडिट किया गया था और वीडियों में दिखाई दे रही युवती होना बताया था।



पुलिस ने परिवार से फोटो के संबंध में जानकारी प्राप्त की, फोटो प्रिंट करने वाले से पूछताछ की। इस दौरान सामने आया कि उक्त फोटो एसआईआर फार्म में लगाया गया था। जिसके आधार पर पुलिस ने बीएलओ फखरूनिशा उर्फ बेबी पति नईम खान निवासी मिल्कीपुरा से पूछताछ शुरू की। जिसमें सामने आया कि उसने एसआईआर फार्म से फोटो वाट्सएप के माध्यम से एहसान पटेल को भेजा था। पुलिस को मामले की लिंक मिल गई और ग्राम ब्यावरा में रहने वाले एहसान पिता शेर मोहम्मद पटेल 60 साल को हिरासत में ले लिया।

### मकसद परिवार को बदनाम करने का

थाना प्रभारी मंडलोई ने बताया कि गिरफ्त में आये आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि उनका मकसद युवती के परिवार को बदनाम करने का था। उनकी सालों से वर्चस्व की लड़ाई चली आ रही है। आरोपी रसूखदार पक्ष है, जिन्होने साजिश रचकर वीडियो वायरल किया था। थाना प्रभारी के अनुसार मामले में एक आरोपी फरार है, जिसकी तलाश में एक टीम उसके ठिकानों पर दबिश देकर गिरफ्तारी के प्रयास में लगी है।

### फोटो को एडिट कर अश्लील वीडियो से जोड़कर वायरल किया

पूछताछ में पता चला कि उसने फोटो आबिद पिता बाबू पटेल 48 साल निवासी पंथ मुंडला विजयागंज मंडी और ब्यावरा में रहने वाले मुजफ्फर पिता मुबारिक पटेल 43 साल को भेजा था। मामले में उनके साथ युसुफ पिता शेर मोहम्मद पटेल पंथ मुंडला भी शामिल था। चारों ने मिलकर फोटो को एडिट कर अश्लील वीडियों से जोड़कर वायरल किया है। पुलिस ने 3 दिनों की जांच के बाद बीएलओ सहित एहसान, मुजफ्फर और आबिद को गिरफ्तार कर लिया। बुधवार दोपहर तीनों को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। बीएलओ को कर्तव्य में लापरवाही और गोपनीय दस्तावेज से फोटो साझा करने पर वैधानिक कार्रवाई के बाद नोटिस पर रिहा किया गया है।

# मोहर्रम पर्व: 4 थानों की सीमा में पुलिस का फ्लैग मार्च



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मुस्लिम समुदाय के पर्व मोहर्रम को लेकर पुलिस अलर्ट मोड पर है। बुधवार शाम 4 थानों की सीमा में कानून व्यवस्था के साथ सुरक्षा व्यवस्थाओं को बनाये रखने के लिये फ्लैग मार्च किया गया। महाकाल थाना परिसर से शुरू हुआ फ्लैग मार्च बेगमबाग, नलियाबाखल, तोपखाना होते हुए कोतवाली थाने की सीमा दौलतगंज नईसड़क, निकास होता हुआ जीवाजीगंज थाने की सीमा बड़े साहब, खजूरवाली मजिस्द केडी गेट होते हुये खाराकुआ थाने की सीमा गोपाल मंदिर, गुदरी चौराहा, कसाईवाडा होते हुए पुनः महाकाल थाने की सीमा में पहुंचकर थाना परिसर में समाप्त हुआ। फ्लैग मार्च एएसपी आलोक शर्मा के निर्देशन में निकाला गया। जिसमें शहर के सभी सीएसपी, थाना प्रभारी, पुलिस बल के साथ व्रज वाहन, अश्वारोही दल, बीडीडीएस और दंगा नियंत्रण बल शामिल रहा। इस दौरान संवेदनशील क्षेत्र और प्रमुख चौराहा पर नागरिको से संवाद कर पर्व को शांति और सौहार्द्र के साथ मनाने की अपील की गई। आमजन को जागरूग करते हुये सोशल मीडिया पर भ्रामक और अपुष्ट खबरों पर विश्वास नहीं करने और संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी तत्काल पुलिस को देने की बात कहीं गई। एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार पेट्रोलिंग भ्रमण कर निगरानी की जा रही है। सभी थाना प्रभारियों को अपने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और सतत सीमक्षा के निर्देश जारी किये गये है। मोहर्रम में शांति, सौहार्द्र के व्यापक इंतजाम किये गये है। आमजन की सुविधा और सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

#### चोरी हुए फोन वापस मिलने पर पुलिस से कहा थैक्स

# ट्रेकिंग से खोज निकाले गुम 27 मोबाइल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

गुम मोबाइल खोज निकालने का अभियान चला रही पुलिस से एक बार फिर से 8 लाख कीमत के मोबाइल का पता तकनीकी आधार पर ट्रेक कर खोज निकाले। कुछ मोबाइल को वापस मंगवाने के लिये पुलिस को राशि भी खर्च करना पड़ी। जब धारको को मोबाइल वापस लौटाये गये तो किसी ने थैक्स कहा तो किसी का कहना था कि मिलने की उम्मीद नहीं थी।पुलिस के पास हर दिन कई शिकायतें मोबाइल गुम होने की मिलती है। जिसको लेकर पिछले कुछ सालों से पुलिस ने गुम मोबाइल को खोज निकालने का अभियान शुरू किया है। जिले की हर थाना पुलिस तकनीकी आधार पर मोबाइलों का पता लगाने में लगी हुई है। कुछ दिन पहले भाटपचलाना थाना पुलिस ने 13 मोबाइल और एक लेपटॉप खोज निकाला था।

अब नीलगंगा थाना पुलिस ने 27 मोबाइल के साथ एक टेबलेट को ट्रेक कर वापस मोबाइल धारको को लौटाने का कर्तव्य पूरा किया है।



### मोबाइल मिलने की उम्मीद नहीं थी

थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से लगातार मोबाइल ट्रेक किये जा रहे है। जिनका पता चलते ही उन्हे वापस प्राप्त किया जा रहा है। इसी क्रम में 8 लाख कीमत के मोबाइल और टेबलेट को खोज निकाला गया है। जिसमें आरक्षक लोकेश प्रजापति और टीम की भूमिका रही है। बुधवार को वापस मिले मोबाइल संबंधित धारकों को लौटा दिये गये। मोबाइल वापस मिलने पर महिलाओं ने थैक्स कहा और युवाओं ने कहा कि उन्हें मोबाइल मिलने की उम्मीद नहीं थी, लेकिन नीलगंगा थाना पुलिस ने खोज निकाला। एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि हमारा लक्ष्य ज्यादा से ज्यादा गुम मोबाइल खोज निकालने का है। जिसके प्रयास पूरे जिले की पुलिस कर रही है।

### सैकड़ों किलोमीटर दूर मिले मोबाइल

पुलिस के अनुसार गुम मोबाइल उत्तरप्रदेश, गाजियाबाद, खरगोन, अमेठी, दिल्ली तक पहुंच गये थे। ट्रेक होने पर मोबाइल चलाने वालों से संपर्क कर पूछताछ की गई तो अधिकांश का कहना था कि उज्जैन आने पर उनके परिवार के बुजुर्गों को मिले थे। उनकी गलती रही कि मोबाइल मिलने पर पुलिस को नहीं सौंपे और अपने शहर आ गये। वह मोबाइल लौटाने के लिये तैयार है, लेकिन वापस उज्जैन नहीं आ सकते है। पुलिस ने मोबाइल वापस मंगवाने के लिये उन्हें कुरियर राशि का ट्रांजेक्शन किया और समझाईश के बाद कई मोबाइल पुलिस थाना नीलगंगा के पते पर प्राप्त कर लिये।

# रैली निकालकर दिया साइबर सुरक्षा का संदेश-14 दिन चलेगा पुलिस का जागरूक अभियान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने और आमजन को डिजिटल सुरक्षा को लेकर एक बार फिर पुलिस ने जागरूकता अभियान सेफ क्लिक 2.0 की शुरूआत की है। अभियान के प्रथम दिन बुधवार सुबह पुलिस ने रैली निकालकर साइबर सुरक्षा का संदेश दिया।डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से एक बार फिर पुलिस द्वारा 24 जून से 8 जुलाई तक अभियान सेफ क्लिक 2.0 की शुरूआत की है। पहले दिन सुबह पुलिस कंट्रोलरूम से जन-जागरूकता रैली निकाली गई। जिसको पुलिस अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में पुलिस अधिकारियों के साथ शैक्षणिक संस्था, सामाजिक संगठन, स्वयंसेवी और आम नागरिक शामिल हुये। जिनके हाथों में साइबर सुरक्षा को लेकर लिखे गये संदेशों की तख्तियां थी। अभियान में साइबर ठगी का शिकार होने पर तत्काल हेल्प लाइन नम्बर 1930 पर शिकायत दर्ज कराने के लिये प्रेरित किया गया। एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि अभियान के 14 दिनों में विद्यालयों, शासकीय कार्यालयों, सार्वजनिक स्थानों, ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा को लेकर कार्यशाला आयोजित की जायेगी और जनसंवाद किया जायेगा। ऑनलाइन होने वाले फ्रॉड से बचने के लिये सावधानी ही सबसे बड़ा हथियार है। इसको लेकर बच्चों से लेकर बुजुर्गो तक को जागरूक किया जायेगा।

# कार की डिक्की में छुपाकर लाया था अवैध शराब

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

रात्रि गश्त पर निकली पुलिस ने मंगलवार-बुधवार रात 1 बजे विक्रम नगर ब्रिज के नीचे से एक कार की डिक्की में छुपाकर लाई गई हजारों की अवैध देशी-विदेशी शराब बरामद की है। कार चालक को हिरासत में लिया गया है। जिससे शराब संबंधित जानकारी जुटाई जा रही है।माधवनगर थाना प्रधान आरक्षक चैतन्य जौहरी ने बताया कि गश्त के दौरान सूचना मिली थी कि कार क्रमांक एमपी 13 सीए 5215 में शराब बेचने के लिये लाई जा रही है। कार विक्रमनगर ब्रिज के नीचे आने वाली है। गश्त टीम के साथ ब्रिज के नीचे पहुंच घेराबंदी की गई। तभी एक कार दिखाई दी, जिसकी ओर पुलिस पहुंचने लगी तो



चालक ने कार को तेजगति से लेकर भागने का प्रयास किया। गश्त टीम ने घेराबंदी में कार को रोक लिया और चालक को कस्टडी में लिया। पूछताछ करने पर उसका नाम अर्जुन पिता चम्पालाल निवासी शक्करवासा हाल मुकाम गणेशनगर नागझिरी सामने आया। कार की तलाशी लेने पर डिक्की से विदेशी शराब की तीन पेटी और देशी शराब के 150 क्वार्टर बरामद हो गये। मामले में कार जप्त कर चालक के खिलाफ आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज कर पता लगाया जा रहा है कि शराब कहां से लेकर आया था और किसे बेचने की फिराक में था।

#### हजरत हुसैन के शहीद होने की वजह को और करबला के सबक को समझा जाना चाहिए

# इस्लामी शिक्षाओं के विरुद्ध हैं मोहर्रम के जुलूस: निजामी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

इस्लाम में ऐसे किसी जुलूस का कोई प्रावधान नहीं जो मोहर्रम के अवसर पर निकाला जाता है, यह पूरी तरह इस्लामी शिक्षाओं के विरुद्ध है, इसे इस्लाम से संबद्ध ना समझा जाए।

यह बात पीस फाउंडेशन के अध्यक्ष अहमद रईस निजामी ने कही है। प्रेस को जारी अपने बयान में निजामी ने कहा कि इस्लामी शिक्षाओं का अध्ययन करने वाले भली भांति जानते हैं कि इस्लाम में इस तरह जुलूस और हंगामों के लिए कोई स्थान नहीं है। ये हजरत हुसैन की शिक्षाओं के भी विरुद्ध है।

निजामी ने कहा कि पैगम्बरे इस्लाम हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम पर इस्लामी शिक्षाओं के पूर्ण होने के तीन दशकों बाद कर्बला का वाकि या हुआ, लिहाजा कर्बला को भी इस्लाम की उन्हीं शिक्षाओं की रोशनी में



देखा जाएगा जो शिक्षाएँ तीन दहाई पूर्व अवतरित हुई थीं, जिन शिक्षाओं पर इस्लाम को पूर्ण घोषित कर दिया गया था। इन शिक्षाओं के अवतरित होने के दौरान भी जंगे बद्र, जंगे ओहद इत्यादि जंगों में पैगम्बर के अनेक सहाबी मुसलमान शहीद हुए, लेकिन उन शहीदों के सिलसिले में ऐसा कुछ नहीं किया गया जैसा आज के दौर में शाहिदाने कर्बला को ले कर किया जा रहा है।

### शहीद मरता नहीं त तो मातम कैसा

इसमें कोई संदेह नहीं कि शहीद कभी मरता नहीं, हमेशा ज़िंदा रहता है। जो लोग इस सच्चाई को मानते हुए कर्बला के शहीदों पर मातम करते हैं उन्हें खुद सोचना चाहिए कि शहीद का मातम कहां तक उचित है। जब शहीद जिन्दा हैं तो उनका मातम कर के लोग क्या बताना चाहते हैं।

अनुयाईयों ने ये नहीं किया निजामी ने कहा कि हजरत हुसैन और कर्बला के दीगर शहीदों के रिश्तेदारों, अनुयाईयों और आम मुसलमानों की एक बड़ी संख्या कर्बला के वाकि ए के बाद जीवित रही, लेकिन उनमें से किसी ने भी कभी ना तो घोड़े ताज़िये बना कर जुलूस निकाले और ना ही मातम किया। अगर ये इस्लामी शिक्षाओं के मुताबिक सही होता तो उस दौर में मौजूद उनके रिश्तेदार और अनुयायी अवश्य ये सब कुछ करते। इसलिए इस दौर के मुसलमानों को सोचना चाहिए कि वो किन गलत परंपराओं का शिकार हो कर गलत रास्तों पर भटक रहे हैं।

### कर्बला का सबक समझें

- निजामी ने कहा कि हजरत हुसैन के शहीद होने की वजह को और करबला के सबक को समझा जाना चाहिए। इस्लामी शिक्षाओं की रोशनी में हजरत हुसैन और यजीद के मध्य की टकराहट को समझना हर दौर की जरूरत है।
- निजामी ने कहा कि हजरत हुसैन ने फूलों सा महकता हुआ संदेश पेश किया जिसके जवाब में तलवार आई। इस तलवार के जालिमाना वार के नतीजे में हजरत हुसैन ने अपने खून से जो संदेश लिख दिया वो रहती दुनिया तक के तमाम इंसानों के लिए अनुकरणीय है।
- हुसैन के चाहने वालों को चाहिए अपने जीवन को हुसैनी किरदार से आरास्ता करें। लेकिन अफसोस कि मोहर्रम के अवसर पर हुसैन के नाम के नारे लगाने वाले लोग हुसैनी किरदार से बहुत दूर हैं। हुसैनी किरदार से जीवन को आरास्ता किए बिना मात्र जुलूस और अखाड़ों के अनावश्यक प्रदर्शन से जो नुकसान हो रहा है उसकी भरपाई बहुत मुश्किल है।
- अनेक हिन्दू भाई हजरत हुसैन और कर्बला से अकीदत रखते हैं। हमें चाहिए कि भारत की वर्तमान परिस्थितियों में सकारात्मक सौहार्दपूर्ण भूमिका अदा करें। यह भूमिका जुलूसों के हंगामों से नहीं शांतिप्रिय सकारत्मक चरित्र से अदा होगी। जिसके लिए हजरत हुसैन के नाना ईश्दूत हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के जीवन और उनकी शिक्षाओं से प्रेरणा प्राप्त करना होगी।

### नृत्य त्रिनेत्र उत्सव-में सजी भारतीय संस्कृति और शास्त्रीय नृत्य की अनुपम छटा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों, शास्त्रीय कलाओं एवं नृत्य परंपरा के संरक्षण और संवर्धन हेतु समर्पित त्रिनेत्र सांस्कृतिक संस्थान द्वारा आयोजित नृत्य त्रिनेत्र उत्सव-2026 का भव्य एवं गरिमामय आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में संस्थान के समस्त विद्यार्थियों ने मंगलमय गणेश वंदना की मनोहारी प्रस्तुति देकर उत्सव का शुभारंभ किया। इसके पश्चात भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन एवं मर्यादा पर आधारित राम कथा विषयक कथक नृत्य-नाट्य की अत्यंत भावपूर्ण एवं प्रभावशाली प्रस्तुति दी गई, जिसने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रस्तुति में विभिन्न लयकारियों, गतियों एवं भावाभिनय का अद्भुत समन्वय देखने को मिला।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com